दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली । रविवार 05 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 17 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में बड़ा हादसा

## खाई में गिरा सेना का ट्रक

## 4 जवानों की मौत, कई घायल



**जम्मू-कश्मीर।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा इलाके में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां पर शनिवार (4 जनवरी, 2025) को भारतीय सेना का एक वाहन खाई में गिर गया, जिसमें चार जवानों के मारे जाने की खबर सामने आई है। हादसे में तीन जवानों के घायल होने की भी सूचना हैं, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पतार लेकर जाया गया है। मौके पर जम्मू कश्मीर पुलिस और सुना के कई जवान बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले में एसके पायन के पास सेना का एक वाहन सकड़ से फिसलकर खाई में गिर गया। इस हादसे में किसी भी प्रकार के आतंकी एंगल के होने की बात अब तक सामने नहीं आई है। हालांकी, पुलिस और सेना के जवानों की ओर से फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और हादसे के सही कारण का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

**24 दिसंबर के हादसे में 5 जवान हुए थे शहीद :** इसके पहले भी जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के बलनोई सेक्टर में 24 दिसंबर, 2024 को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया था। हादसे में सेना का एक वाहन 300 फीट गहरी खाई में गिर गया था। ये हादसा पुंछ सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान हुआ था। इस हादसे में पांच सैनिकों की मौत हो गई थी।

### 31 दिसंबर को भी हुआ था सड़क हादसा

ठीक चार दिन पहले, यानी 31 दिसंबर, 2024 को भी पुंछ जिले के मेंढर में एलओसी के पास बलनोई इलाके में सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ था। ये हादसा शाम छह बजे हुआ था, जब सेना का वाहन कई जवानों को लिए ऑपरेशनल ड्यूटी पर जा रहा था। रास्ते में ही हादसा हुआ और सेना का वाहन करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में भी पांच जवानों की मौत हो गई तो वहीं पांच गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दिल्ली-एनसीआर में कोहरे और ठंड का कहर, उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** कड़ाके की ठंड के बीच गुरुवार को मध्यम से घना कोहरा भी देखने को मिला। आलम यह रहा कि सुबह छह बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता का स्तर शून्य रह गया। इससे उड़ाने भी प्रभावित रहीं। सड़क यातायात पर भी कोहरे का असर नजर आया।

बफीर्ली हवाओं के बीच आज का न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 17 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। दिन में आसमान कभी साफ और कभी आंशिक रूप से बादलों वाला रह सकता है।





**एक्यूआई 200 से ऊपर :** जहां तक एक्यूआई का सवाल है तो फिलहाल दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में चल रही है। एक्यूआई 200 से ऊपर बना हुआ है। हालांकि तकनीकी कारणों के चलते सीपीसीबी से इसका आंकड़ा नहीं मिल पा रहा है। उत्तर भारत में मौसम के अपडेट पर आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ नरेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है जो पश्चिमी हिमालय क्षेत्र पर स्थित है।

**4 और 5 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी की उम्मीद :** अगले 4-5 दिनों में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी। 4 और 5 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी की भी उम्मीद है। 6 जनवरी को दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

**दिल्ली में फिर से ग्रेप-तीन की पाबंदियां लागू :** एनसीआर में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया है। दिल्ली और एनसीआर के ज्यादातर प्रमुख शहरों में हवा की गुणवत्ता खराब से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। सीपीसीबी के अनुसार प्रदूषण का स्तर अभी घटने की संभावना नहीं है।

**धूल उड़ाने वाले निर्माण कार्य पर सीएक्यूएम ने लगाया प्रतिबंध :** इसी के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप समिति ने आपात बैठक कर एनसीआर में ग्रेप तीन लागू कर नौ सूत्री प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए हैं। इसके तहत एनसीआर में विध्वंस और ऐसे सभी निर्माण कार्य पर सीएक्यूएम ने प्रतिबंध लगा दिया है जिनसे धूल उड़ने पर प्रदूषण फैलता है। यानी अधिक प्रदूषण फैलाने वाले निर्माण और विध्वंस कार्य बंद रहेंगे।

शेष, पृष्ठ 2

# डीजीपी उत्तर प्रदेश ने जारी किया पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द करने का आदेश

## प्रयागराज महाकुंभ मेले के चलते लिया गया फैसला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तत्काल प्रभाव से महाकुंभ मेला समाप्ति तक अवकाश की रोक लगा दी गई है।

यह अवकाश रोक इसलिए लगाई गई है ताकि सकुशल प्रयागराज स्थित महाकुंभ में मेल को संपन्न कराया जा सके। महाकुंभ मेले के लिए प्रत्येक जिले और कमिश्नरेट से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है ताकि वहां की व्यवस्थाओं को संभाल जा सके।





इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से भी लगभग पहले चरण में 340 से अधिक पुलिसकर्मियों को महाकुंभ मेले की ड्यूटी के लिए रवानगी के आदेश दिए गए थे। हालांकि अभी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की वजह से सभी को रवाना नहीं किया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि अगले दो दिनों के भीतर महाकुंभ मेला ड्यूटी जाने वाले सभी पुलिसकर्मियों को भेजा जाएगा।

### विशेष परिस्थितियों में ही मिलेगा अवकाश



**करंट क्राइम :** डीजीपी उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार द्वारा जो अवकाश बंद करने का आदेश जारी किया गया है, उसमें स्पष्ट लिखा है की विशेष परिस्थितियों में आवश्यकता अनुसार सक्षम स्तर पर अवकाश स्वीकृत किए जा सकते हैं। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से भी महाकुंभ मेले और मुख्य शाही स्नान को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में फोर्स का डेप्लॉयमेंट होना है। यहां से भी बड़ी संख्या में उप निरीक्षक, महिला पुलिसकर्मी, कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल भेजे जा रहे हैं, जो प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 में पुलिस एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने का काम करेंगे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि यातायात पुलिस द्वारा भी महाकुंभ में ड्यूटी प्रदान की जाएगी।




# घने कोहरे की आगोश में दिल्ली और एनसीआर

## दृश्यता शून्य होने से वाहनों पर लगे ब्रेक, दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन भी प्रभावित








**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार की रात ठिठुरन के बीच घना कोहरा भी छाया हुआ है। इससे कई इलाकों में विजिबिलिटी जीरो हो गई है। सड़कों पर थोड़ी सी दूर का कुछ नहीं दिख रहा है। दिल्ली के पालम सहित कई इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है, दृश्यता शून्य रह गई है।

शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन भी प्रभावित हुआ और इंडिगो ने अस्थायी रूप से प्रस्थान और आगमन रोक दिया है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रात 12.05 बजे एक पोस्ट में कहा कि घने कोहरे की वजह से एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है।' वहीं, इंडिगो ने रात 1.05 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹दृश्यता कम होने के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर आगमन और प्रस्थान फिलहाल रोक दिए गए हैं।₹

एयर इंडिया ने रात 1.16 बजे एक्स पर एक अपडेट में कहा कि घने कोहरे के कारण खराब दृश्यता से दिल्ली और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में उड़ान परिचालन प्रभावित हो रहा है। बता दें कि शुक्रवार को हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण 400 से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं।

शुक्रवार सुबह को भी ज्यादा कोहरा देखने को मिला था। इससे दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। इस वजह से विमान और रेल सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई। रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की चाल थम गई वही दिल्ली एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। इससे यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनों की बिगड़ी समय सारणी की वजह से शनिवार को भी ट्रेनों की चाल थमी रहेगी।

इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से शुक्रवार को संचालित होने वाली 100 से ज्यादा विमान देरी का शिकार हुई। रनवे पर दृश्यता घटने की वजह से लो विजिबिलिटी प्रोसीजर लागू कर विमानों की आवाजाही कराई गई। इससे अन्य विमानों के संचालन में देरी हुई और यात्रियों को एयरपोर्ट के टर्मिनल पर विमानों के इंतजार में परेशान होना पड़ा।

उधर रेलवे ट्रैक पर चलने वाली उत्तर भारत की 150 से अधिक ट्रेन देरी का शिकार हुई। इसमें दिल्ली पहुंचने वाली 41 से अधिक ट्रेन परिवर्तित समय से रवाना की गई।

### कोहरे में सुरक्षित रहने के लिए इन बातों का रखें ध्यान

- धीमी गति से गाड़ी चलाएं, कोहरे में अचानक कोई चीज दिखने पर आपके पास एक्शन लेने का समय बचे
- लो बीम हेडलाइट या फॉग लाइट का इस्तेमाल करें, हाई बीम लाइट से विज़िबिलिटी कम हो जाती है
- लेन मार्कर्स पर ध्यान दें, सिंगल लेन रोड पर बाईं तरफ रहें
- दूसरी कारों से दूरी बनाए रखें, अचानक ब्रेक न लगाएं, ब्रेक लगाने से पहले, एक्सीलेटर को धीरे–धीरे कम करें और पीछे वाले वाहन को धीमा करने के लिए धीरे–धीरे ब्रेक लगाएं
- मुश्किल परिस्थितियों में संगीत और ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचें
- कोहरे में हवा में मौजूद प्रदूषकों से बचने के लिए मास्क या स्कार्फ पहनें

## दिल्ली विधानसभा 2025 : केजरीवाल के सामने प्रवेश वर्मा... आतिशी को टक्कर देंगे बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में भाजपा ने प्रवेश वर्मा को नई दिल्ली विधानसभा सीट से उतारा है। प्रवेश वर्मा आप के उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। इस सीट पर कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को मैदान में उतारा है।




करोल बाग से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन से मनजिंदर सिंह सिरसा, बिजवासन से कैलाश गहलोत चुनाव लड़ेंगे। वहीं करोल बाग से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन से मनजिंदर सिंह सिरसा, बिजवासन से कैलाश गहलोत और गांधी नगर से अरविंदर सिंह लवली को टिकट दिया है।

पटपड़गंज सीट से आप उम्मीदवार अवध ओझा के सामने रवींद्र सिंह नेगी होंगे। भाजपा ने आरके पुरम सीट से अनिल शर्मा, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय, महरौली से गजेंद्र यादव, छतरपुर से करतार सिंह तंवर, अंबेडकर नगर सीट से खुशीराम चुनार मैदान में होंगे। बदरपुर सीट से नारायण दत्त शर्मा, विश्वास नगर से ओम प्रकाश वर्मा, गांधीनगर से अरविंदर सिंह लवली, कृष्णा नगर से अनिल गोयल, सीमापुरी से कुमारी रिंकू, रोहतास नगर से जितेंद्र महाजन और घोंडा से अजय महावर को टिकट दिया गया है।

**आतिशी के खिलाफ अल्का लांबा लड़ेंगी चुनाव :** कालकाजी सीट से आप की उम्मीदवार दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ भाजपा ने रमेश बिधुड़ी को उतारा है। मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता अल्का लांबा को कालकाजी सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस आलाकमान ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की।

अल्का वर्ष 2013 में कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हो गईं थीं और वर्ष 2015 में चांदनी चौक से विधायक चुनी गईं थीं, लेकिन वर्ष 2019 में उन्होंने फिर से कांग्रेस का दामन थाम लिया। पिछली बार वे कांग्रेस के टिकट पर चांदनी चौक से चुनाव लड़ी थीं, लेकिन हार गईं थीं। बता दें कि अब तक कांग्रेस ने 48 उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया है। इससे पहले दो सूची जारी कर 47 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। कांग्रेस ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के सामने जंगपुरा से फरहद सूरी को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, भाजपा ने सरदार तरविंदर सिंह मारवाह को मैदान में उतारा है।

## उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के चलते 8वीं तक के सभी स्कूलों में घोषित की गई छुट्टियां

**श्रावस्ती।** लगातार बढ़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए यूपी के श्रावस्ती में अब सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त कक्षा एक से आठ तक स्कूल बंद रहेंगे। इस संबंध में बीएसए अजय कुमार ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है।

जिलाधिकारी की ओर से आदेश जारी होने के बाद बीएसए अजय कुमार की ओर से सभी स्कूलों प्रबंधकों को आदेश का पालन करने के लिए कहा गया है। भीषण ठंड और शीत लहर को देखते हुए कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों में अग्रिम आदेशों तक अवकाश घोषित किया गया है।

**14 जनवरी तक अवकाश घोषित है :** बता दें कि इससे पहले 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक अवकाश घोषित है।

**23 से शुरू होंगी 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं :** बहराइच में माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने की घोषणा कर दी गई है। पहले चरण में देवीपाटन मंडल में 23 से 31 जनवरी तक परीक्षाएं होंगी। परिषद ने निर्देश दिया है कि परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई जाएं जिसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए।




**उपकरण व केमिकल की व्यवस्था कराई गई :** जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षाओं की सुचिता को बनाए रखने के लिए सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षाएं कराते हुए उसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में लैब को दुरुस्त कराया गया है। सभी उपकरण व केमिकल की व्यवस्था कराई गई है।

## सर्दी का सितम जारी : मेरठ में दोपहर तक नहीं छंटा कोहरा

### दिन भर कोल्ड डे कंडीशन, 48 घंटे का अलर्ट



**मेरठ।** नए साल पर शुरू हुई सर्दी का सितम लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सर्दी के चलते लोग घरों में कैद है। शुक्रवार सुबह सीजन में पहली बार घना कोहरा दिखाई दिया, जिसका दोपहर तक असर दिखा। कोहरे के चलते दिल्ली देहरादून हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई और चालकों को लाइट जलाकर निकलना पड़ा। शनिवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा जो दोपहर तक भी नहीं छंटा।अभी 48 घंटे तक मौसम विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी किया है।

पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी के चलते मैदानी क्षेत्र में ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है। ठंड के चलते दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे आ गए हैं और शीतलहर के चलने से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

पिछले चार-पांच दिन से लगातार सर्दी का सितम बढ़ने के कारण दिन का तापमान 15 डिग्री के आसपास ही चल रहा है, जिस कारण से कोल्ड डे कंडीशन बनी हुई है। हाथ पैर सुन्न व गलन वाली ठंड से आम जनमानस के साथ पशु पक्षी भी परेशान हैं। दोपहर बाद बादलों में छिपे सूरज ने दर्शन दिए, लेकिन ठंड के आगे धूप बेअसर रही। घरों में कैद लोग हीटर, अलाव आदि का सहारा लेकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

**बारिश के भी आसार :** कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि अभी सर्दी ऐसे ही रहेगी। कोहरा का असर दिखाई देगा और तापमान सामान्य से कम रहेगा। पहाड़ी क्षेत्रों में फिर बारिश होने के आसार है, जिसका असर मैदानी क्षेत्र में भी साफ दिखाई देगा।

मौसम कार्यालय पर दिन का अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी और रात के तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

### 200 पार पहुंचा एक्यूआई, दूषित होने लगी हवा

ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। गुरुवार एक्यूआई 97 में दर्ज किया गया, जो शुक्रवार को बढ़कर 222 के स्तर पर पहुंच गया। मेरठ के अलावा आस पास जिलों में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ा। गंगानगर में 215, जयभीमनगर में 167, पल्लवपुरम 288, दिल्ली रोड 270, बेगमपुल 259 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## हाईटेक होगी सीएम आवास और आसपास की सुरक्षा, बूम बैरियर से लेकर टायर किलर तक; करोड़ों से बनेगा घेरा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास और आसपास के इलाके की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए गृह मंत्रालय ने 21 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इससे बूम बैरियर, टायर किलर, शैलो रोड ब्लॉकर और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की खरीद की जाएगी। इसे मुख्यमंत्री आवास, राजीव चौक से सीएम आवास जाने वाले चौराहे, हेलीपैड आदि जगहों पर स्थापित किया जाएगा। ताकि, कोई भी अवांछनीय तत्व घुसपैठ नहीं कर सके।

शासनादेश के मुताबिक राजीवी चौक से सीएम आवास (5, कालिदास



मार्ग) जाने वाले रास्ते पर बूम बैरियर, टायर किलर और शैलो रोड ब्लॉकर लगाया जाएगा। इससे कोई भी वाहन बिना अनुमति के सीएम आवास की ओर नहीं जा सकेगा।

**बैरियर लिफ्ट सिस्टम स्थापित होगा :** वहीं मुख्यमंत्री आवास के एंट्री और एग्जिट गेट पर भी बूम बैरियर और शैलो रोड ब्लॉकर लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास और जनता दरबार के बीच रास्ते पर बैरियर लिफ्ट सिस्टम स्थापित किया जाएगा।

**शैलो रोड ब्लॉकर लगाया जाएगा :** इसी तरह लामार्टिनियर चौक पर भी हेलीपैड आने-जाने वाले रास्ते पर बूम बैरियर, टायर किलर और शैलो रोड ब्लॉकर लगाया जाएगा। इसके अलावा व्हीकल एंट्रेंस सिस्टम भी स्थापित किया जाएगा।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में पीछे से जा घुसी कार, एक की मौत, तीन घायल

**आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव के पास शनिवार की अलसुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार बलिया जनपद के उभांव थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेल्थरा रोड निवासी अमित कुमार (27) पुत्र अंजनी अपने मित्रों के साथ कार से नीम करोली धाम दर्शन पूजन के लिए गए थे। वहां से लौटते समय यह लोग लखनऊ में रुक गए। शनिवार की अलसुबह करीब पांच बजे लखनऊ से घर लौट रहे थे।

अभी वह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव के पास पहुंचे ही थे तभी उनकी कार ट्रक में जा



घुसी। इस हादसे में कार सवार अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त मनीष कुमार (27) गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं गंभीर रूप से घायल मनीष का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि राजन व शिवम को हल्की चोटें आई। इस संबंध में मृतक के पिता अंजनी कुमार मुबारकपुर थाने में तहरीर दिए है।

## 'संगम' पहुंचीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, स्टॉलों का किया अवलोकन






**लखनऊ।** संस्कृतियों के महाकुंभ 'संगम' का आगाज शनिवार को हो गया। गोमती नगर के समतामूलक चौराहे के निकट रिवर फ्रंट पर कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हो गया। दोपहर 12 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कार्यक्रम में पहुंचीं।

उन्होंने भ्रमण करके स्टॉलों का अवलोकन किया। इस बीच वैदिक पाठशाला के बच्चों और पुरोहितों ने मंत्रोच्चार गायन की प्रस्तुति दी। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से मौजूद लोगों की मन मोह लिया।

'संगम' कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मराठा समाज के स्टॉल का अवलोकन किया। छत्रपति शिवाजी जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पार्पित किया।

'संगम' कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्टॉलों का अवलोकन करके उनके व्यंजनों और उत्पादों के बारे में जाना। राज्यपाल को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में राज्यपाल ने 10वीं और 12वीं के मेधावियों को सम्मानित किया। 'संगम' कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गरीब महिलाओं को कंबल भेंट किया।

संगम कार्यक्रम में जय श्रीराम गूंजा। सत्य सनातन नारी संगठन की महिलाओं ने शंख बजाकर अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यहां पहले अक्षयवट की पूजा पर रोक थी। आज अक्षयवट की सरकार के प्रयासों से वहां पूजा की जा रही है। कोई भी जाकर दर्शन और पूजन कर सकता है। कहा कि प्रयागराज को हम लोग त्रिवेणी संगम कहते हैं। वहां पर गंगा और यमुना दिखाई देती हैं। लेकिन, सरस्वती अदृश्य रूप से मौजूद हैं। वहां भी सरकार ने कॉरिडोर बनाया है। जो श्रद्धालु सरस्वती माता के दर्शन करना चाहते हैं, वो कॉरिडोर से जा सकते हैं।

कहा कि तीसरा कॉरिडोर और बना है, जो लेटे हनुमान जी यानी बड़े हनुमान जी पर बना है। यहां पर दर्शन पूजन करने के लिए पूरा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दो-तीन हजार लोगों के एक साथ बैठने के लिए बड़ा पंडाल भी बनाया गया है। जहां बैठकर लोग कथा वार्ता भी कर सकते हैं।





राज्यपाल ने कहा कि सिर्फ कुंभ ही नहीं, बल्कि कुंभ के बाद भी जो लोग यहां आएंगे, वह इसी कॉरिडोर से अक्षयवट, सरस्वती माता और लेटे हनुमान जी के दर्शन कर सकेंगे।

कार्यक्रम के लिए राज्यपाल ने बधाई दी। कहा कि समाज को जोड़ने और संस्कृतियों के समागम का इस तरह का कार्य कापी सराहनीय है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नमो भारत ट्रेन में करेंगे सफर

## सात थाना क्षेत्रों को घोषित किया गया नो फ्लाइंग जोन, मुख्यमंत्री योगी का कार्यक्रम हुआ निरस्त












**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन नमो भारत का साहिबाबाद स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर दिल्ली तक सफर करेंगे। प्रधानमंत्री के इस उद्घाटन कार्यक्रम के बाद देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन आरआरटीएस का संचालन दिल्ली से मेरठ के बीच शुरू हो जाएगा। जो रविवार शाम को 5 बजे से रहेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लिहाज से साहिबाबाद ,लिंक रोड, इंदिरापुरम, कौशांबी, घंटाघर कोतवाली, नंदग्राम और सिहानी गेट थानाक्षेत्र में धारा-163 लागू की गई है। वहीं इन इलाकों को नो फ्लाइंग जोन और नो ड्रोन जोन के तहत घोषित कर दिया गया है। यहां प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा का ट्रिपल लेयर इंतजाम रहेगा।

### कमांडो से लेकर विशेष सुरक्षाकुर्मी किए गए हैं तैनात

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंडन एयरबेस पर आएंगे और वहां से फिर वह सड़क मार्ग के जरिए साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी सड़क मार्ग से पहुंचेंगे, इस लिहाज से यातायात पुलिस द्वारा रूट डायवर्जन की एडवाइजरी जारी करते हुए पूरी प्लानिंग की गई है। तो वहीं पीएम सुरक्षा के मद्देनजर यहां एनएसजी के कमांडो के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स और अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था देखने को मिलेगी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर उनकी सुरक्षा और यूपी पुलिस के कई शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार से ही कमान संभाल ली थी।



### पीएम के साथ रहेंगे कई प्रमुख फेस, योगी का कार्यक्रम हुआ कैंसिल

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गाजियाबाद में कार्यक्रम है। उनके स्वागत और प्रोटोकॉल के तहत कई मंत्रियों से लेकर राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। तो वही विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम कैंसिल हो गया है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के साथ ही हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, हरदीप सिंह पुरी, यूपी प्रदेश अध्यक्ष सहित कई स्थानीय विधायक व सांसद हिंडन से लेकर साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन तक साथ नजर आएंगे।

### लगातार दूरी बढ़ा रही है नमो भारत और दर्ज हो रहे हैं रिकॉर्ड

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत शुरू की गई नमो भारत ट्रेन लगातार अपनी दूरी बढ़ा रही है। पहले इसका संचालन साहिबाबाद से दुहाई तक हुआ था। जिसे बढ़ाकर अब मेरठ परतापुर तक शुरू कर दिया गया है। वहीं अब साहिबाबाद से दिल्ली आनंद विहार अशोक नगर रूट भी इससे कनेक्ट हो रहा है। इसका फायदा लाखों लोगों को मिलेगा, तो वहीं बीते एक साल के दौरान नमो भारत ट्रेन में 50 लाख लोगों से ज्यादा ने सफर कर इसकी तकनीक को देखने का काम किया है।







# नंदकिशोर गुर्जर ने प्रदेश और स्थानीय पुलिस के अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

## लोनी विधायक ने कहा हो रहा है भ्रष्टाचार, रोजाना हो रही है 50 हजार गायों की हत्या

### भाजपा महिला नेत्री को नहीं मिल रहा है न्याय, अपनी ही सरकार में परेशान : नंदकिशोर गुर्जर

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद लोनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शनिवार को फिर अपना आक्रामक रूप दिखाते हुए प्रदेश सरकार के साथ ही पुलिस के स्थानीय और प्रदेश के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद में एसीपी कोर्ट का जिस तरीके से भ्रष्टाचार वाला वीडियो वायरल हुआ है, उसके बाद किसी प्रकार का कोई सवाल ही नहीं बचता है। उन्होंने कहा है कि पुलिस में भ्रष्टाचार चरम पर है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि हम कई विधायक मुख्यमंत्री से मिले, तो मुख्यमंत्री ने तीन बार हमें आश्वासन दिया कि वह पुलिस अधिकारी को हटा देंगे लेकिन ऐसा लगता है कि अधिकारी भी मुख्यमंत्री की नहीं सुन रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने लोनी में रहने वाली बागपत में भाजपा की महामंत्री के साथ छेड़छाड़, उनकी नंद के साथ मारपीट और पति पर हमले किए जाने के मामले को लेकर भी कड़ी आपत्ति जाहिर की है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस प्रदेश में गौरक्षा पीठाधीश्वर हों, वहां प्रतिदिन 50 गायों की हत्या किया जाना निंदनीय है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि अधिकारी अपने कार्यालय में बैठकर केवल वीसी प्रोग्राम चला रहे हैं। ना बेटियां सुरक्षित हैं, ना बीजेपी की नेत्रियां सुरक्षित हैं। जनसुनवाई हो नहीं रही है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अधिकारियों की मिली भगत का भी आरोप लगाया है और कहा है कि अगर बेईमान अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 2027 में स्थिति खराब होगी और कार्रवाई की जाएगी तो भारतीय जनता पार्टी की साढे तीन सौ सीटें आएंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि वह यह सब बातें किसी दिल्ली और लखनऊ वाले नेता के कहने पर नहीं कह रहे हैं।





### वीसी प्रदेश बन गया है यूपी : विधायक

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में कहा उत्तर प्रदेश के एक शीर्ष अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तो गाजियाबाद पुलिस के स्थानीय अधिकारियों पर भी उन्होंने जमकर प्रहार बोला। नंद किशोर ने कहा है कि जिस प्रदेश में कभी एक गाय काटने की हिम्मत नहीं की जाती थी, आज वहां प्रतिदिन 50 हजार गाय काटी जा रही हैं। अधिकारी उसका पैसा खा रहे हैं । उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री उनसे सबूत मांगेगा तो वह इसको प्रस्तुत कर देंगे, साथ ही उन्होंने कहा है कि अधिकारी जनसुनवाई कर नहीं रहे हैं और केवल अपने कार्यालय में बैठकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हैं। जनता से और फरियादियों से मुलाकात नहीं होती है, यूपी अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रदेश बनकर रह गया है।

### विधायक बोले भाजपा नेत्री और बेटियां असुरक्षित

करंट क्राइम : विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भाजपा की एक नेत्री जो सीडब्ल्यूसी की सदस्य भी है उसको न्याय नहीं मिल रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है, बल्कि झूठे वीडियो ऑडियो रिकॉर्डिंग और आरोपियों से साथ सांठगांठ कर कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा है कि जिस सरकार का मिशन शक्ति प्रोग्राम चल रहा हो। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जाता हो, वहां पार्टी की नेत्री की ही कोई सुन नहीं रहा है। वहीं भाजपा नेत्री ने कहा है कि वह जल्द इस मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर शिकायत करेंगी।

### विधायक बोले मेरी हत्या की हो रही है प्लानिंग

करंट क्राइम : विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं, तो कहा है कि उनकी हत्या की प्लानिंग हो रही है। उन्होंने कहा है कि 9 एमएम की 25 पिस्टल खरीदी जा चुकी हैं। इसका वह आने वाले दो से तीन दिन में खुलासा करेंगे और आरोपी को तीन दिन के भीतर गिरफ्तार करवा देंगे। वह जानते हैं कि यह पूरा खेल किसके इशारे पर खेला जा रहा है। साथ ही उन्होंने अपनी प्रेसवार्ता में लोनी के एक मुस्लिम परिवार की आवाज उठाकर फिर एक नया संदेश देने का काम किया है। लोनी विधायक ने कहा है कि उनकी टीम भ्रष्टाचारियों के स्टिंग करने में जुट गई है। जल्द ही और खुलासे भी होंगे।

### पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने उठाया गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज का मुद्दा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2500 छात्राओं को पढ़ाती हैं केवल 2 सरकारी टीचर। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने गुरू नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में सरकार द्वारा नियुक्त की गई 2 सरकारी टीचरों का मामला उठाते हुए शहर विधायक संजीव शर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि ये 2 सरकारी टीचर भी अगले साल रिटायर हो रही हैं। इस स्थिति से विद्यालय की सरकारी सहायता समाप्त हो सकती है। हिमांशु लव ने अपने पत्र में बताया है कि इस स्कूल की स्थापना गाजियाबाद के सबसे पहले विधायक स्वर्गीय सरदार तेजा सिंह ने की थी। हिमांशु लव ने कहा कि वह इस विद्यालय में स्वर्गीय सरदार तेजा सिंह की मूर्ति स्थापित करना चाहते हैं। मूर्ति के लिए जयपुर में आर्डर दिया जा चुका है। हिमांशु लव ने शहर विधायक संजीव शर्मा को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वह इस विद्यालय में सरकारी शिक्षिका की नियुक्ति के लिए सरकार से संस्तुति प्रदान करवाएं।



पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने बताया है कि यह विद्यालय पहले बजरिया में खोला गया था। उसके बाद कक्षा 8 तक इसे रामनगर में स्थापित किया गया। बाद में जीडीए से भी पहले जब इंप्रूवमेंट ट्रस्ट था तब तत्कालीन विधायक सरदार तेजा सिंह ने अपने प्रयासों से लोहिया नगर में श्री गुरू नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज के लिए भूमि आवंटित कराई थी। फिर सरकार व समाज के सहयोग से इस विद्यालय की बिल्डिंग का निर्माण किया गया। इस विद्यालय को सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त है लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा इस विद्यालय की उपेक्षा की जा रही है।

# साल 2025 में दर्जनों सौगात के साथ तैयार है नगर निगम गाजियाबाद

## सीनियर सिटीजन केयर सेंटर से लेकर जोनल कार्यालय होंगे शुरू




### सड़कों का होगा कायाकल्प
#### मिलेगी सीएम ग्रिड फेस-2 के कार्यों की स्वीकृति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद को संवारने, सुधारने और सजाने की प्रक्रिया में जुटा हुआ है। साल 2025 को लेकर जहां अधिकारियों के स्तर और शासन स्तर पर तमाम योजनाओं को पूरा करने और शुरू करने की तैयारी हो रही है। तो वहीं नगर निगम के अधिकारी फरवरी से लेकर मार्च-अप्रैल तक कई नई सौगात देने की तैयारी कर चुके हैं।

इसके साथ ही मोहन नगर जोनल ऑफिस और इंदिरापुरम जोनल ऑफिस व विजय नगर को भी इसी वर्ष पूरा किया जाना है। तो वहीं कई प्रमुख योजनाओं को भी पूरा किया जाना है। सड़कों से लेकर सीनियर सिटीजन केयर सेंटर और एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के साथ ही जोनल कार्यालय और सीएम ग्रिड फेस टू के कार्यों को भी पूरा करना है। अधिकारियों और कर्मचारियों की प्लानिंग है कि वर्ष 2025 को यादगार बनाने के लिए बेहतर कार्य और कार्य योजनाओं को लागू करने के साथ ही पूरा करने का भी काम करना होगा तभी नगर निगम गाजियाबाद नई ऊंचाईयों तक पहुंचने का काम करेगा।

### सीनियर सिटीजन केयर सेंटर बनेगा खास



करंट क्राइम : नगर निगम की प्लानिंग है कि मार्च 2025 तक सीनियर सिटीजन केयर सेंटर बनाया जाए। यहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक आरामदायक माहौल और उनके समय बिताने के लिए लाइब्रेरी से लेकर मनोरंजन रूम स्थापित किया जा रहा है। साथ ही उनके काउंसलिंग से लेकर स्वास्थ्य और अन्य प्रारंभिक व्यवस्थाओं को भी यहां किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर निगम के साथ मिलकर इस ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में क्रियान्वित करने का काम करवा रहे हैं।

### विजयनगर, मोहन नगर और इंदिरापुरम के बनेंगे जोनल कार्यालय

करंट क्राइम : नगर निगम शहर को सुंदर बनाने के साथ ही अपने कार्यालय और उनमें काम करने वाले कर्मचारियों को बेहतर माहौल और स्थान प्रदान करेगा। इसके लिए वर्ष 2025 में तीन नगर निगम के जोनल कार्यालय को सुधार और आधुनिकरण स्कीम के तहत सुसज्जित किया जाना है। जिसमें जोनल कार्यालय विजयनगर को अप्रैल 2025 में पूर्ण करना है। तो मोहन नगर ऑफिस और इंदिरापुरम जोनल ऑफिस के लिए अभी से कार्रवाई चल रही है। जिसको वर्ष 2025 में पूरा किया जाना है ताकि नगर निगम के तीनों जोनल कार्यालय व्यवस्थित और ठीक प्रकार से संचालित हो सकें।

### मानव के साथ पुश-पक्षियों का भी रहेगा ध्यान



करंट क्राइम : नगर निगम जहां लोगों को राहत पहुंचाएगा, उनके लिए बेहतर व्यवस्था करेगा तो एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर फरवरी 2025 में पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। यह शुरू होगा तो यहां पशु-पक्षियों को उपचार और उनके रखरखाव व बेहतरीकारण की नई उम्मीद जगाई है। ऐसी के साथ पक्षी जिनका इलाज नहीं मिल पाता है या उनकी देखभाल नहीं हो पाती है, उसे एनिमल बर्थ केयर सेंटर पर रखा जाएगा। इसमें अन्य पशुओं को भी उपचार व व्यवस्था की जाएगी, जो सोसायटी और सड़कों पर आमजन की परेशानी बनते हैं।

### डाबर और कौशांबी इलाके की सड़के दिखेगा हाईटेक



करंट क्राइम : दिल्ली से सबसे सटे हुए इलाके कौशांबी और डाबर की सड़क वर्ष 2025 में बेहतर तकनीक और गुणवत्ता के साथ निर्माण कराई जाएगी ताकि यह अलग पहचान बन नगर निगम इसके लिए विशेष प्लानिंग कर रहा है। सड़कों के लिए बजट की स्वीकृति हो चुकी है और इसको बेहतर ढंग से बनाने के साथ प्रदर्शित किया जाएगा ताकि दिल्ली से जब लोग गाजियाबाद की सीमाओं में आए तो नगर निगम का काम बोलता हुआ नजर आए। सड़कें सुंदर व साफ दिखें।

### सीएम ग्रिड फेस-2 के विकास कार्यों से बदलेगा शहर का नजारा

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद को अलग बनाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों के सभी निर्माण एवं विकास संबंधी फैसलों पर प्रमुखता से ध्यान देते हैं। इसी का असर है कि गाजियाबाद में सीएम ग्रिड फेस 2 के तहत करोड़ों रुपए के कार्य कराए जाएंगे। इसमें विकास की योजनाओं से लेकर कई ऐसे निर्माण कार्य भी होंगे जो शहर की सुंदरता और विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने का काम करेंगे। बताया जा रहा है कि नगर निगम गाजियाबाद वर्ष 2025 में निगम क्षेत्र को नए रूप से सजाने, संवारने और व्यवस्थित करने का काम करेगा ताकि गाजियाबाद शहर स्वच्छता से लेकर हरियाली और आधुनिकरण के मामले में नंबर वन बन सके।

### महापौर से लेकर नगर आयुक्त की सोच नजर आती है पॉजिटिव





**करंट क्राइम :** नगर निगम शहर को संवारने, सुधारने और चमकाने का अभियान चला रहा है। तो उसमें उसके अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। खुद महापौर सुनीता दयाल नगर निगम को नई ऊंचाइयां प्रदान करने के लिए सड़क पर उतरकर लगातार कार्य प्रणाली की जांच करती हैं। लापरवाही मिलने पर फटकार और कार्रवाई का हंटर भी चलती हैं। तो नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी अपनी पॉजिटिव एनर्जी और गुड वर्किंग विजन को लेकर चलते हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण बीते दिनों राज नगर इलाके में वेस्ट से बेस्ट थीम पर बनाया गया पार्क है। इसके साथ ही शहर में अलग-अलग स्थान पर डिजिटल स्क्रीन सिस्टम की शुरूआत और साल के पहले ही दिन मल्टीलेवल पार्किंग की शुरूआत सर्दी बढ़ने पर शहर में अलाव की संख्या में इजाफा तो खुद रात में रैन बसेरे का रियलिटी टेस्ट करते हुए, उन्होंने संदेश दिया है कि गाजियाबाद नगर निगम को आगे ले जाने के लिए वह हर प्रयास कर रहे हैं।

## संपादकीय

# जलवायु संकट

वर्ष 1901 में जब से देश में तापमान का हिसाब रखा जाने लगा, तब से अब तक का सबसे अधिक गर्म वर्ष 2024 रहा। इसमें आश्चर्यचकित करने वाली कोई बात नहीं है लेकिन नीति निमार्ताओं को इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि बीसवीं सदी के आरंभ से अब तक के समय में पिछले 15 सालों में से पांच साल सबसे अधिक गर्म रहे। यकीनन भारत कोई अपवाद नहीं था। विश्व मौसम संगठन ने कहा कि 2024 आधिकारिक रूप से विश्व का सबसे गर्म वर्ष था। इस वर्ष ताप वृद्धि पेरिस समझौते के औद्योगिक युग (1850-1900) के स्तर से 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक की गर्माहट के दायरे को भी पार कर गई। यकीनन पश्चिमी देशों की औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं के इसमें योगदान को लेकर काफी कुछ कहा जा चुका है कि कैसे उनकी वजह से कार्बन उत्सर्जन बढ़ा। इस कारण वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी हुई है और इन देशों ने जलवायु परिवर्तन को अपनाने संबंधी नीतियां बनाने में विकासशील देशों की मदद करने की जिम्मेदारी भी नहीं निभाई। परंतु देश की समस्याओं का मूल है अपनी घरेलू और औद्योगिक जरूरतों के लिए ऊर्जा के स्रोत के रूप में कोयले पर अत्यधिक निर्भरता। हालांकि भारत इस तथ्य से गर्व महसूस कर सकता है कि नवीकरणीय ऊर्जा उसकी कुल स्थापित क्षमता में 46.3 फीसदी की हिस्सेदार है लेकिन वास्तविक उत्पादन में उसका योगदान 10 फीसदी से भी कम है। भारत कोयले पर बहुत अधिक निर्भर है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश के कुल ऊर्जा उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी 77 फीसदी है। यही कारण है कि वह दुनिया का तीसरा सबसे अधिक कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जित करने वाला देश बन गया है। भारत ने 2023 में यूरोपीय संघ को पीछे छोड़ दिया। हालांकि वैश्विक उत्सर्जन में हमारी हिस्सेदारी केवल आठ फीसदी है जो चीन के 31.5 फीसदी और अमेरिका के 13 फीसदी उत्सर्जन से काफी कम है। सौर और पवन ऊर्जा को राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड में शामिल करने की दिक्कत मुख्य रूप से इसलिए हैं कि हमारे पास उपयुक्त भंडारण क्षमता नहीं है। ऐसा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की भिन्न-भिन्न प्रकृति के कारण है। बिजली खरीद कीमतों की विसंगति भी नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद को जटिल बनाती है। इसके साथ ही देश के वनाच्छादित क्षेत्र की भ्रामक तस्वीर भी बताती है कि देश के कार्बन सिंक का आकार शायद बढ़ाचढ़ाकर पेश किया गया है। इंडिया स्टेट ऑफ द फॉरेस्ट रिपोर्ट (आईएसएफआर) के ताजा संस्करण में कहा गया है कि देश का वन क्षेत्र बढ़ा है और अब देश का करीब 25 फीसदी हिस्सा वनाच्छादित है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप भारत का कार्बन सिंक 2005 के स्तर से 2.29 अरब टन तक अधिक हो गया है। इस तरह उसने तय अवधि से सात साल पहले ही पेरिस समझौते के तहत की गई प्रतिबद्धता को हासिल कर लिया। यहां दिक्कत यह है कि सरकार पौधरोपण को भी वनों में गिनती है और ऐसे क्षेत्र प्रभावी रूप से कार्बन सिंक का काम नहीं करते हैं क्योंकि उनमें कार्बन का अवशोषण करने की क्षमता नहीं होती।

## साल 2025 की शुरूआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'साल 2025 की शुरूआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन भारत की विकास यात्रा को दर्शा रहा है। इसके आयोजन के लिए नबार्ड और अन्य सहयोगियों को बधाई।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज गांवों के लाखों घरों को पीने का साफ पानी मिल रहा है।

लोगों को डेढ़ लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आज डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी है कि आर्थिक नीतियां गांव के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई जाएं। बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने ये काम किया है। दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने पीएम फसल योजना को एक साल और बढ़ाने को मंजूरी दी है।' किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश को किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। हमने बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली को बढ़ाया है। हमने स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। आज गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। किसानों को फसलों का सही दाम मिले, इसके लिए साल 2021 में अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

## ईपीएफओ ने केंद्रीकृत पेंशन प्रणाली की शुरू, 68 लाख सदस्यों को मिलेगा फायदा



**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय के अनुसार, ईपीएफओ ने देशभर में अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम (सीपीपीएस) का रोलआउट पूरा कर लिया है, जिससे 68 लाख से अधिक पेंशन पाने वालों को लाभ मिलेगा। मंत्रालय द्वारा हाल ही में दी गई जानकारी के अनुसार, सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम पुराने पेंशन वितरण सिस्टम से अलग एक विकेंद्रीकृत सिस्टम है। इस नए सिस्टम के तहत ईपीएफओ का प्रत्येक क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यलय केवल 3 से 4 बैंक के साथ अलग-अलग समझौतों को बनाए रखेगा। इस नए सिस्टम के साथ लाभार्थियों को सुविधा मिलेगी कि वे किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे। साथ ही पेंशन शुरू होने के समय वेरिफिकेशन के लिए लाभार्थी को बैंक जाने की जरूरत नहीं होगी और राशि जारी होने के तुरंत बाद जमा कर दिया जाएगा।

मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जनवरी 2025 से सीपीपीएस पूरे भारत में पेंशन का वितरण सुनिश्चित करेगा और पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं होगी। सरकार द्वारा उठाया जा रहा यह कदम उन पेंशनभोगियों के लिए राहत भरा होगा, जो रिटायरमेंट के बाद अपने होमटाउन चले जाते हैं और वहीं, आगे का जीवन गुजर-बसर करते हैं। सफल क्रियान्वयन की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, ईपीएफओ के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सीपीपीएस का पूर्ण पैमाने पर कार्यान्वयन एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह परिवर्तनकारी पहल पेंशनभोगियों को देश में कहीं भी, किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन को सहजता से प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, सीपीपीएस का पहला पायलट प्रोजेक्ट पिछले साल अक्टूबर में करनाल, जम्मू और श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालयों में पूरा हो गया था, जिसमें 49,000 से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लगभग 11 करोड़ रुपये का पेंशन वितरित किया गया था। दूसरा पायलट प्रोजेक्ट नवंबर में 24 क्षेत्रीय कार्यालयों में शुरू किया गया, जहां 9.3 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 213 करोड़ रुपये पेंशन वितरित की गई।

## भारतीय शेयर बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा सप्ताह



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहा, क्योंकि निवेशकों ने भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मल्टी-एसेट रणनीति की ओर रुख किया। डोनाल्ड ट्रंप भी 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में वापसी करने जा रहे हैं। बाजार के जानकारों के अनुसार, मजबूत अमेरिकी डॉलर और हाई वैल्यूएशन के कारण बाजार में सेल-ऑन सेंटीमेंट बना हुआ है, जिससे घरेलू बेंचमार्क सूचकांकों ने सप्ताह का समापन निराशा के साथ किया। मजबूत गिरावट के बाद, बेंचमार्क सूचकांकों ने शुक्रवार को कुछ राहत की सांस ली। हालांकि, निफ्टी सूचकांक 24,005 पर नकारात्मक नोट पर बंद हुआ। अस्थिरता सूचकांक, इंडिया वीआईएक्स, 1.43 प्रतिशत घटकर 13.54 पर आ गया, जो बाजार में कम अस्थिरता को दशार्ता है। असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड के ऋषिकेश येदवे ने कहा, जब तक सूचकांक 23,900 से ऊपर बना रहता है, तब तक निफ्टी के लिए 'बाय-ऑन डिप्स' रणनीति की सिफारिश की जाती है। शुक्रवार को सेंसेक्स 720.60 अंक या 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,223.11 पर और निफ्टी 183.90 अंक या 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,004.75 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 616.75 अंक या 1.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,988.8 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 177.15 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,931.05 पर बंद हुआ।




## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय आनुवांशिक अध्ययन में पाया गया कि अंग्रेज वास्तव में फ्रेंच और जर्मन हैं और वेल्श असली ब्रिटान हैं।
- ऑक्सफोर्ड में 38 व्यक्तिगत कॉलेज और 5 निजी हॉल हैं।
- ऑक्सफोर्ड क्षमता विश्लेषण परीक्षा नामक एक ₹व्यक्तित्व परीक्षण₹ है, जो वास्तव में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय या किसी अन्य ऑक्सफोर्ड से संबंधित कोई वैज्ञानिक रोग परीक्षण नहीं है।
- ऑक्सफोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि विश्वविद्यालय में 22,000 छात्र हैं, जिनमें से 11,772 पूर्वस्नातक छात्र हैं और 9.850 स्नातक छात्र हैं। 62% स्नातक छात्र ब्रिटेन से नहीं हैं।
- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय सम्मेलन का अनुमान है कि साल 2100 तक होने वाली मानव विलुप्त होने की घटना की संभावना 19% होनी चाहिए।
- मेरे बहुत पसंदीदा मिस्टर बीन (रोवन एटकिन्सन) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गये थे। उन्होंने न्यूकैसल विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अपने मास्टर की डिग्री प्राप्त की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की अपनी पुलिस बल था, जिसे साल 2003 तक समाप्त नहीं किया गया था।
- ऑक्सफोर्ड में एबिंगडन स्कूल में भाग लेने के दौरान रेडियोहेड (एबिंगडन से एक अंग्रेजी रॉक बैंड) का गठन किया गया था।
- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।

## राशिफल

**मेष:** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष:** चोट व दुर्घटना से हानि तथा पीड़ा का योग बनता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मिथुन:** कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अधिकारी वर्ग प्रसन्नता जाहिर करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कर्क:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। कोई कारोबारी बड़ा सौदा लाभ दे सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी।

**सिंह:** शत्रु परास्त होंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ प्राप्त होगा। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

**कन्या:** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। उत्साह में कमी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दौड़धूप अधिक रहेगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**तुला:** व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग हैं। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी मे प्रभाव बढ़ेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक:** घर में मेहमानों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति के योग हैं।

**मकर:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से हानि होगी। बड़ों की सलाह मानें, लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ:** यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं, प्रयास करें। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** मित्रों तथा संबंधियों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिलेंगे।

## चुटकुले

पुलिसवाला चौराहे पर चेकिंग कर रहा था...
पुलिसवाला (पप्पू से)- इस बैग में क्या है..?
पप्पू- बताते हैं...!
पुलिसवाले ने फिर से पूछा- अरे क्या है इसमें..?
पप्पू- बताते हैं... बताते हैं...!
पुलिसवाले ने तुरंत मौके पर बम निरोधक दस्ते को बुला लिया..!
उन्होंने जैसे ही बैग को खोला... हवलदार बोला- साहब इसमें तो बतासे हैं..!
पुलिसवाला (पप्पू से)- इसमें बतासे हैं तो इतनी देर से तू बोल क्यों नहीं रहा था..?
पप्पू- इत्ती देल से यही तो बता लहा था ती इतमें बताते हैं बताते हैं...!
ये सुनकर पुलिसवाला बेहोश...!

---

एक गांव का लड़का जो दिल्ली नौकरी करने गया, अपने गांव वापस आया और अपने दोस्तों से बोला: पता है जितनी भीड़ दिल्ली वालों की शादी में होती है, उससे ज्यादा भीड़ तो अपने यहां गांव में तब होती है जब खराब ट्रांसफॉर्मर ठीक होता है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# पंत की 'असाधारण' पारी ने ऑस्ट्रेलिया को हिलाकर रख दिया: तेंदुलकर

**सिडनी ।** भारतीय शीर्ष क्रम एक बार फिर टीम को मजबूत शुरूआत देने में विफल रहा, ऋषभ पंत ने अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन 59/3 के स्कोर पर बल्लेबाजी की और ऑस्ट्रेलियाई धरती पर मेहमान बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज अर्धशतक लगाया।

पंत ने 33 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, जिसे भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने वास्तव में उल्लेखनीय करार दिया।

तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया,ऐसी विकेट पर जहां अधिकांश बल्लेबाजों ने 50 या उससे कम के एस.आर. पर बल्लेबाजी की है, ऋषभ पंत की 184 के एस.आर. के साथ पारी वास्तव में उल्लेखनीय है। उन्होंने पहली गेंद से ही ऑस्ट्रेलिया को हिलाकर रख दिया। उन्हें बल्लेबाजी करते देखना हमेशा मनोरंजक होता है। क्या प्रभावशाली पारी है !

पंत ने मिशेल स्टार्क के खिलाफ एक छक्के की मदद से 29 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इंग्लैंड के जॉन ब्राउन (मेलबर्न 1895) और वेस्टइंडीज के रॉय फ्रेडरिक्स (पर्थ 1975) द्वारा बनाए गए 33 गेंदों के पिछले प्रयासों को बेहतर बनाया। यह टेस्ट मैच में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक भी था।

टेस्ट मैच में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड भी पंत के नाम है, जिसे उन्होंने 2022 में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ 28 गेंदों में हासिल किया था।

विकेटकीपर-बल्लेबाज की पारी का अंत आखिरकार ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने स्टंप के पीछे एलेक्स कैरी के हाथों में गेंद पहुंचने से किया। पंत ने 33 गेंदों में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 61 रन बनाए। उन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ 46 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी भी की, जिससे भारत का कुल स्कोर तीन अंकों के पार चला गया।

भारत ने दिन का खेल समाप्त होने तक 141/6 रन बनाए हैं और उसे उम्मीद है कि रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर, जो स्टंप्स तक नाबाद रहे, कुछ महत्वपूर्ण रन बनाएंगे, इससे पहले कि टीम मामूली स्कोर का बचाव करने के लिए आए।

श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही मेजबान टीम के साथ, अगर भारत को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखना है तो अंतिम पारी में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को पूरी तरह से तैयार रहना होगा।

# पंत की 61 रनों की तूफानी पारी सिडनी टेस्ट रोमांचक मोड़ पर

**सिडनी ।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने मात्र 33 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली जिससे भारत ने रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंच चुके पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन बनाकर कुल 145 रन की बढ़त हासिल कर ली।

तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने एक बार फिर चार विकेट चटकाए और दूसरे दिन के खेल के अंतिम सत्र में ऑस्ट्रेलिया की वापसी की अगुआई की और पांचवें टेस्ट मैच को रोमांचक बना दिया।

पहली पारी में चार रन की बढ़त लेने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में धमाकेदार शुरूआत की और यशस्वी जायसवाल ने पहले ओवर में मिशेल स्टार्क की गेंदों पर चार चौके जड़े।

लेकिन बोलैंड ने लगातार तीन



विकेट चटकाकर ऑस्ट्रेलिया की वापसी की अगुआई की, लेकिन दूसरे दिन के अंत में एक विकेट चटकाकर 4-42 विकेट हासिल किये।

लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 33 गेंदों पर 61 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट में किसी विदेशी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे तेज अर्धशतक और इस प्रारूप में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक शामिल है। हालांकि भारत ने दूसरे दिन 141/6 पर 145 रनों की बढ़त हासिल कर ली है, लेकिन उसके पास केवल चार विकेट शेष हैं, जिससे खेल रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर, जो क्रमशः आठ और छह रन बनाकर नाबाद हैं, तीसरे दिन कैसे आगे बढ़ते हैं। भारत यह भी प्रार्थना कर रहा होगा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह, जो पीठ में ऐंठन के बाद स्कैन के लिए गए थे, बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर गेंदबाजी करने के लिए उपलब्ध हों।

अंतिम सत्र की शुरूआत जायसवाल ने स्टार्क की शॉर्ट और वाइड गेंदों पर तीन शानदार कट और एक अतिरिक्त कवर ड्राइव के साथ की।

# भारत का कप्तान बनना आसान नहीं, युवाओं को करनी होगी कड़ी मेहनत : रोहित शर्मा

**सिडनी ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। उनकी जगह इस टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इसी बीच रोहित शर्मा ने कहा कि भारतीय टीम का नेतृत्व करने के लिए टीम में शामिल नए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी।

रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी में वह धार नहीं दिखाई दे रही है जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। सीरीज में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर सवाल भी उठ रहे हैं।

इस बीच अंतिम टेस्ट मैच में रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। रोहित ने लंच ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, य ा ह



कहना बहुत मुश्किल है। बहुत से लड़के हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि वे पहले क्रिकेट के महत्व को समझें और इस जगह के महत्व को भी समझें। वे नए लड़के हैं, और मुझे पता है कि उन्हें जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। लेकिन उन्हें इसे कमाना होगा। जैसे, मैं अब यहां हूं। बुमराह यहां हैं। विराट (कोहली) उनसे पहले यहां थे। एमएस धोनी उनसे पहले यहां थे। हर किसी ने इसे कमाया है। किसी को भी यह थाली में परोस कर नहीं मिला है, और किसी को भी इसे ऐसे ही नहीं मिलना चाहिए। उन्हें कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, लड़कों में बहुत प्रतिभा है। लेकिन साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि भारत का कप्तान बनना आसान नहीं है। दबाव तो है, लेकिन यह बहुत बड़ा सम्मान है। हमारा इतिहास और जिस तरह से हम क्रिकेट खेलते हैं, उसमें दोनों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए उन्हें इसे हासिल करने दें।

# अचानक मैदान से बाहर जाने पर बुमराह की चोट ने बढ़ाई चिंता

**सिडनी ।** मैदान से बाहर जाने के पहले बुमराह ने इस पारी में कुल 10 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 33 रन देते हुए दो विकेट लिए थे।

इस दौरे पर बुमराह के कार्य प्रबंधन को लेकर काफी चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने इस सीरीज में अब तक 152.1 ओवर की गेंदबाजी की है और 13.06 की औसत से 32 विकेट लिए हैं। वह अब बिशन सिंह बेदी को पछाड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं।

बुमराह ने दूसरे दिन पहले सत्र के अंतिम पांच ओवर में से तीन ओवर मैदान के बाहर बिताए थे और फिर अंतिम दो ओवर के लिए



**सडनी टेस्ट के दूसरे दिन लंच के बाद एक ओवर डालने के बाद ही भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह मैदान के बाहर चले गए उन्हें टीम के चिकित्सक और सुरक्षा अधिकारी के साथ मैदान के बाहर जाता देखा गया**

वह मैदान में वापस आए थे। लंच के बाद उन्होंने गेंदबाजी की और एलेक्स कैरी को परेशान भी किया लेकिन इसके तुरंत बाद ही वह मैदान के बाहर चले गए।

मेलबर्न टेस्ट में बुमराह ने 52 ओवर की गेंदबाजी की थी जो कि उनके अब तक के टेस्ट करियर में एक मैच में डाले गए सर्वाधिक ओवर थे। हालांकि इस टेस्ट के बाद खुद तत्कालीन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुमराह के कार्य प्रबंधन को लेकर चिंता व्यक्त की थी।

# अगर भारत में एक दिन में 15 विकेट गिरते तो हंगामा मच जाता: गावस्कर

**सिडनी ।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि अगर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहा पांचवां टेस्ट भारत में खेला जाता, तो एक दिन में 15 विकेट गिरने पर हंगामा मच जाता। उन्होंने कहा कि पिच लंबे प्रारूप के मैच खेलने के लिए आदर्श नहीं है।

पहले दिन 11 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन 15 विकेट गिरे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर आउट करने के बाद पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल की और स्टंप तक 141/6 रन बना लिए। उसकी कुल बढ़त 145 रन की है।

गावस्कर ने कहा, अगर भारत में एक दिन में 15 विकेट गिरते, तो सब कुछ तहस-नहस हो जाता। ग्लेन मैकग्रा ने कहा था कि उन्होंने इतनी घास कभी नहीं देखी। क्या आपने किसी पूर्व भारतीय क्रिकेटर को पिच के बारे में शिकायत करते सुना है ? पूर्व (ऑस्ट्रेलियाई और अंग्रेजी क्रिकेटर) हमेशा भारतीय पिचों और परिस्थितियों के बारे में बात करते रहते हैं। हम



शिकायत करने वाले नहीं हैं। आप हमें कभी शिकायत करते नहीं पाएंगे। लेकिन भारत में एक दिन में 15 विकेट, यार, यह नरक होगा।

गावस्कर ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद एबीसी ग्रैंडस्टैंड रेडियो पर कहा, जब हम बाहर जाकर क्रिकेट खेलते हैं तो हम कड़ी मेहनत करते हैं। और अगर हम हार जाते हैं, तो हम हार जाते हैं। विदेशों में घरेलू टीमों को हराना बहुत मुश्किल है। मैंने कहा था कि जब हमने कल पिच देखी, तो गायें इस पर चर सकती थीं।यह आदर्श टेस्ट मैच पिच नहीं है, जैसा आप चाहते हैं क्योंकि आप चाहते हैं कि यह चौथे और पांचवें दिन तक चले। जब तक बारिश न हो, मैं हमें चौथे दिन यहां नहीं देखता।

स्कॉट बोलैंड ने पहले दिन 4-31 के आंकड़े हासिल करने के बाद दूसरे दिन 4-42 विकेट लेकर एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच में विराट कोहली को दो बार आउट भी किया, जिसका मतलब है कि बोलैंड ने इस शानदार बल्लेबाज को सीरीज में चार बार आउट किया है।

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि वह सिडनी में बोलैंड के अच्छे प्रदर्शन से खुश हैं।

वह बल्लेबाजों को चुनौती दे रहा है, इस तरह के विकेटों पर गेंद को सही क्षेत्र में डाल रहा है। वह हमारे लिए बहुत कुछ बना रहा है।

कैरी ने कहा, वह शायद कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड से अलग गेंदबाज है, जहां वह थोड़ा छोटा है, थोड़ा पतला है।

# कोहली ने सब कुछ आजमा लिया लेकिन अब खुद पर संदेह: मांजरेकर

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन कोहली के आउट होने के बाद ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर विराट कोहली के संघर्ष पर टिप्पणी की।

कोहली के बार-बार एक ही तरह के आक्रमण के सामने आउट होने से उनके फॉर्म पर सवाल उठने लगे हैं और मांजरेकर ने कहा कि बल्लेबाज अब इस स्पष्ट कमजोरी पर काबू पाने के लिए हर संभव कोशिश करने के बावजूद खुद पर संदेह से जूझ रहा है।

कोहली को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने सीरीज में चौथी बार आउट किया। बोलैंड द्वारा ऑफ स्टंप के बाहर के चैनल को लगातार निशाना बनाने के कारण



कोहली के बल्ले से लगी गेंद एक बार फिर स्लिप कॉर्डन में चली गई। नौ पारियों में यह आठवां मौका था जब कोहली एक ही कमजोरी का शिकार हुए, जिससे उनके खेल में बार-बार होने वाली समस्या उजागर हुई।

स्टार स्पोर्ट्स पर बोलते हुए मांजरेकर ने आउट होने का विश्लेषण किया और कोहली के बल्लेबाजी रुख में महत्वपूर्ण बदलाव की ओर इशारा किया। कई सालों में पहली बार कोहली अपनी कमजोरी से निपटने के लिए क्रीज के अंदर बल्लेबाजी कर रहे थे।

मेरा मतलब है, वह पीछे चले गए हैं और बल्लेबाजी क्रीज के अंदर हैं। विराट कोहली के लिए ऐसा करना बहुत ही दुर्लभ बात है। आप जानते हैं, विराट कोहली को आगे बढ़ते हुए बल्लेबाजी क्रीज से बाहर निकलना पसंद है। उन्होंने अपनी क्षमताओं के अनुसार सब कुछ करने की कोशिश की है और इस बार उन्होंने बल्लेबाजी क्रीज के अंदर रहने की कोशिश की, लेकिन नतीजा वही रहा।

# रोहित शर्मा के लिए फरहान अख्तर ने की तारीफ भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया

**मुंबई ।** भारत के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को एक प्रशंसक मिल गया है, क्योंकि वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। शनिवार को बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता फरहान अख्तर ने अपने इंस्टाग्राम पर शर्मा की निस्वार्थ भावना की तारीफ की, जिसमें उन्होंने अपनी फॉर्म वापस पाने के लिए टीम को प्राथमिकता दी। फरहान ने शर्मा की एक्शन में एक लो रेजोल्यूशन तस्वीर शेयर की, साथ ही उन्होंने तस्वीर के साथ एक लंबा नोट भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ₹बस यह बात मेरे सीने से निकाल देनी है। इस लड़के ने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और पिछले कई सालों में हमारी टीम की कप्तानी बहुत अच्छी और सफलतापूर्वक की है। बल्ले से उनका कौशल अपने आप में सब कुछ बयां करता है और ऐसी अनगिनत पारियां रही हैं, जिनमें उन्होंने हमें दिखाया है कि वह किस तरह का प्रदर्शन करते हैं।

फरहान ने कहा कि खेल ने



महानतम बल्लेबाजों और गेंदबाजों को फॉर्म के लिए संघर्ष करते हुए देखा है और कई बार प्रशंसकों ने मन ही मन चाहा है कि वे ब्रेक लें, घरेलू क्रिकेट या नेट्स में अपना फॉर्म हासिल करें और फिर वापसी करें।

उन्होंने आगे कहा, ₹हां, यह खेल क्रूर हो सकता है और आपको किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोचना मुश्किल होगा, खासकर कप्तान के बारे में, जिसने स्वेच्छा से ऐसा किया हो। अब यहां एक ऐसा व्यक्ति है जो अपनी टीम की जीत की संभावनाओं को खुद के फॉर्म में आने से पहले रखता है और उसकी निस्वार्थता की सराहना करने के बजाय, बहुमत उसे नीचा दिखा रहा है। खुद से पूछें, 'अगर दुनिया इस तरह से प्रतिक्रिया करती है तो कोई ऐसा दोबारा क्यों करेगा, जब दुनिया अपने गौरव से बड़े उद्देश्य के बारे में सोचने वाले व्यक्ति पर प्रतिक्रिया देती है ?' फरहान ने कहा, ''रोहित आप एक सुपरस्टार हैं। आप जानते हैं कि आप क्या कर रहे हैं ।

# बोलैंड के प्रदर्शन से हम हैरान नहीं हैं: मैकडोनाल्ड

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ चल रहे पांचवें टेस्ट में अपने तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के आठ विकेट लेने से हैरान नहीं हैं।

उनके प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत को 141/6 पर रोक दिया।

मुख्य कोच ने,स्कॉटी के प्रदर्शन से हम हैरान नहीं हैं। जब भी वह खेलता है, वह अपना काम बखूबी करता है।'' मैकडोनाल्ड ने कहा, लंबाई पर लगातार गेंद को दोनों तरफ घुमाने की उनकी क्षमता, विशेष रूप से इस (एससीजी) सतह पर, मुश्किल साबित हो रही है।वह हमेशा एक वास्तविक विचार स्कॉटी है, और हर बार जब वह ऑस्ट्रेलियाई रंगों में पिच करता है, तो वह अच्छा प्रदर्शन करता है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास जोश हेजलवुड, (पैट) कमिंस और (मिशेल) स्टार्क और बोलैंड जैसे चार तेज गेंदबाज हैं।\

उन्होंने बोलैंड की इस क्षमता की



प्रशंसा की कि वह मैदान पर अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू कर सकते हैं, खास तौर पर विराट कोहली के खिलाफ, क्योंकि उन्होंने सीरीज में

**पांच मैचों की श्रृंखला का अपना तीसरा टेस्ट खेल रहे बोलैंड ने भारत की पहली पारी में 4-31 के बाद 4-42 के आंकड़े के साथ वापसी की**

चौथी बार उन्हें आउट किया।

योजना बनाना एक बात है, लेकिन फिर उसे लागू करने में सक्षम होना, जिस तरह से हमें विराट को करना है, उसे बहुत दबाव में डालना।

मैकडोनाल्ड ने कहाऔर देखिए, उसने कुछ चीजें आजमाई हैं, वह अपनी क्रीज से बाहर चला गया है, उसने अलग-अलग रणनीति भी आजमाई है, लेकिन स्पष्ट रूप से उस मैचअप में विशेष रूप से स्कॉटी बोलैंड की अथक प्रकृति ने उसके लिए वापसी करना अविश्वसनीय रूप से कठिन बना दिया है, लेकिन वह कभी भी आसान विकेट नहीं रहा है।''

सीरीज के फाइनल मुकाबले में पिच की अहम भूमिका होने के कारण, मैकडोनाल्ड को चुनौती का एहसास है, भले ही रविवार को कम स्कोर वाला लक्ष्य हो।

इस तरह के कम स्कोर वाले खेल, इससे दबाव और बढ़ जाता है, इसलिए अभी लंबा रास्ता तय करना है, बहुत सारा क्रिकेट होने वाला है, इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। (जल्दी विकेट खोना) टेस्ट क्रिकेट के खराब प्रदर्शन का एक लक्षण है, पर है।

मुझे लगता है कि गेंदबाजी की गुणवत्ता, आगे की ओर, मुझे लगता है कि दोनों आक्रमणों में कुछ पीढ़ीगत प्रतिभाएं हैं जो हम देख रहे हैं। इसलिए हम उन खेलों की प्रकृति से हैरान नहीं हैं ।

# पत्रकार आशित त्यागी के घर पहुंचे भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा

## डूंडाहेड़ा के तालाब का काम शुरू : संजीव शर्मा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधायक एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा डूंडाहेड़ा गांव पहुंचे। गांव वालों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि डूंडाहेड़ा के मुख्य तालाब का सौंदर्यीकरण सरकार की अमृत योजना के तहत किया जायेगा।

फिलहाल सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। डूंडाहेड़ा में श्मशान निर्माण के लिए सरकार को पत्र लिखा गया है। इस पर आगे काम किया जायेगा। गांव के सभी रास्तों को भी ठीक कराया जायेगा। गांव के लोगों ने अपनी अन्य समस्याएं भी रखीं। इस मौके पर अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा के महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, आशाराम त्यागी, जयनन्द शर्मा, आशित त्यागी, वीरेंद्र त्यागी, नरेन्द्र त्यागी, सुरेन्द्र ठेकेदार, विपिन त्यागी, पिंटू त्यागी, संदीप शर्मा, कंचित त्यागी, सौरभ गौड़, परमीत नागर, ओमवीर, विपिन शर्मा, कृष्ण त्यागी, रीना त्यागी, सरला त्यागी, सचिन त्यागी, अनिकेत त्यागी, संयम त्यागी, विशाल आदि मौजूद रहे।

# माता सावित्रीबाई फुले के जन्मोत्सव पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 3 जनवरी को बहुजन जागरूकता मिशन के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस पर जन्मोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन के. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, भट्टा रोड, सुभाष नगर, घूकना गाजियाबाद में किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।

इस विशेष अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके योगदान पर आधारित नाटकों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार देव, प्रधानाचार्य, शंभू दयाल इंटर कॉलेज, वशिष्ठ अतिथि राजेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य नवजीवन इंटर कॉलेज नोएडा, डॉ. जगजीवनराम गौतम, नेहा गौतम लेक्चरर, एड. गंगाशरण बबलू, एड. अमर सिंह, नरेंद्र कुमार बिल्लू महानगर अध्यक्ष, कोमल शर्मा प्रधानाचार्य, स्कूल के संरक्षक हजारीलाल, घनश्याम बौद्ध, सुन्दर पाल गौतम आदि ने इस आयोजन को संबोधित किया। संबोधन में सभी ने कहा, 'माता सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा और समानता की जो अलख जगाई, वह हमारे लिए मार्गदर्शक है।' अतिथियों को विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र कुमार और बहुजन जागरूकता मिशन की टीम द्वारा शॉलओढ़ाकर, फूल माला पहनाकर और सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। म्यूजिक टीचर आरती को भी सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी जुगनू गौतम और गार्गी गौतम को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालक दीपक पुष्कर और संयोजक इंजी. एसपी गौतम ने अतिथियों और प्रबंधक राजेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य कोमल शर्मा एवं उनके समस्त टीम का आभार प्रकट किया। आयोजन में के.बी. सिंह, प्रधानाचार्य, सेठ मुकंद लाल इंटर कॉलेज, किशन लाल, शिक्षाविद, संजय सागर, प्रेरक वक्ता, संजीत कुमार, शिक्षक, डॉ अशोक राज विमल, इंजी. सुंदर पाल गौतम, प्रवेश कुमार, दीपक पुष्कर, रामकिशोर धींगान, आनंद प्रकाश, लिखी चंद, जुगनू गौतम, एड. मनु गौतम, गर्गी गौतम, खुशी, बबीता धींगान, स्कूल के संरक्षक हजारीलाल, प्रबंधक राजेंद्र कुमार, प्रधानाचार्या कोमल शर्मा, सर्वेश मैडम, अंजू मैडम एवं स्कूल के समस्त स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



## साइबर ठगों ने दुकानदार के खाते से पैसे निकाले

**लोनी, करंट क्राइम।** साइबर ठग ने एक दुकानदार से 49000 की ठगी कर ली। दुकानदार ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है। बलराम नगर कॉलोनी निवासी सचिन बिंदल की लोनी गाजियाबाद रोड पर हार्डवेयर की दुकान है। बिंदल ने बताया कि शुक्रवार को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई इसके बाद उसके खाते से 49000 हजार रुपए निकल गए उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दे दी है।

# सफाई न होने से गंदगी से अटा सब्जी मंडी के पास का नाला



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद सब्जी मंडी के पास का नाला की सफाई न होने से पिछले कई महीने से गंदगी स्व आटा हुआ है।

इस को लेकर लोगों ने रोष जताते हुए नाले की सफाई, समय से होनी चाहिए। इस नाले में कई वार्डों का पानी आता है नाला चोक के कारण वार्डों में भी पानी भर जाता है। पूरा नाला ऊपर तक गंदगी से लबालब भरा हुआ है, जिसके चलते नाला चोक है। नाले की सफाई को लेकर कई बार वार्ड के पार्षद ने भी निगम के अधिकारियों या शिकायत की गई। इसके बाद भी आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। क्षेत्रीय पार्षद का कहना है की बरसात के बाद अभी तक नाले की सफाई नहीं हुई है। समय-समय पर नल की सफाई होती रहनी चाहिए जिससे पानी का भाव ठीक चला रहे।

# देखरेख के अभाव में बदहाल हो रहा इंदिरापुरम का हाथी वाला पार्क

## स्थानीय लोगों ने कहा, इन पार्कों के रखरखाव पर जीडीए व नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा, लगे कूड़े के ढेर










**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 81 नीति खंड-1 स्थित हाथी वाला पार्क की बदहाल हालत के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इन पार्कों के रखरखाव पर जीडीए व नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा है।

इस कारण आसपास रहने वाले लोग चाहकर भी इन पार्क का उपयोग नहीं कर पाते जिसमें बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं और आवारा कुत्ते एवं पशु घूमते रहते हैं। इंदिरापुरम बीपी खंड एक स्थित हाथी वाला पार्क दयनीय हालत में है। कालोनी वासियों के लिए टहलने का यह एक प्रमुख स्थान है। करीब कई वर्ष से पार्क देखभाल के अभाव में है।

पानी नहीं मिलने से पेड़-पौधे सूखते जा रहे हैं। पार्क की समुचित देखभाल व उसके सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार जीडीए व नगर निगम को पत्र लिखा है। पार्क में जहां लोगों के बैठने तक के इंतजाम नहीं हैं, वहीं बच्चों के लिए लगाए गए झूले भी पूरी तरह टूटे हुए हैं। पार्क का ट्रैक चलने लायक नहीं है आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है, किसी के चोट लग जाती है, कोई लोग चलते-चलते गिर जाता है। पार्क में पेड़ों की छंटाई वर्षों से नहीं की गई है और इन पेड़ों की लंबाई पास के फ्लैटों को छूने लगी है। इन पार्क की देखरेख के लिए नगर निगम की ओर से एक माली व सुरक्षाकर्मी भी उपलब्ध कराया गया है, लेकिन वे यहां कभी नहीं आते।

### जीडीए व नगर निगम को दे चुके हैं पत्र, नहीं होती कोई कार्यवाही : धीरज अग्रवाल



**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि हाथी वाले पार्क के साथ-साथ वार्ड के सभी पार्कों के लिए जीडीए व नगर निगम को पत्र द्वारा अवगत कराया जा चुका है। अभी तक किसी भी पार्क का विकास कार्य शुरू नहीं हुआ। नगर निगम को जब इंदिरापुरम हैंडओवर हुआ था, नगर आयुक्त व महापौर ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही क्षेत्र के सभी पार्कों का विकास कार्य होगा।

### नगर निगम करे पार्क में चौकीदार की व्यवस्था : डीपी गुप्ता



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी डीपी गुप्ता ने बताया कि पार्क की समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं है। नगर निगम को चाहिए कि यहां पर सौंदर्यीकरण कराकर किसी चौकीदार को देखभाल के लिए नियुक्त कर दे।

### पानी नहीं मिलने से सूख रहे हैं पेड़-पौधे : आर. लाल



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी आर लाल का कहना है कि पार्क को हरा-भरा रखने के लिए इसमें काफी पौधे लगाए गए थे। जो आज पेड़ बनकर हरियाली ला रहे हैं। पानी नहीं मिलने से यह सूखने लगे हैं।

### पैदल चलने लायक नहीं है टूटा ट्रैक : अशोक



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी अशोक ने बताया कि यह पार्क टहलने का प्रमुख स्थान है। देखभाल के अभाव में यह पार्क दुर्दशा का शिकार है। इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ट्रैक जगह-जगह से टूटा हुआ है, जिस कारण आए दिन लोगों को चोट लगती है।



### टूटी चारदीवारी में घुस जाते हैं पशु : नीरज कपूर



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी नीरज कपूर ने बताया कि कालोनी के पार्क में स्थानीय ही नहीं आसपास के लोग भी सुबह-शाम टहलने आते हैं। सफाई व्यवस्था नहीं होने से यहां बैठना भी मुश्किल हो जाता है। और जो झूले लगे हैं वह भी टूटे हुए हैं बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं जिससे पार्क बैठने लायक नहीं रहा और जगह-जगह पार्क में गड्ढे हो चुके हैं। चारदीवारी टूटी हुई होने के कारण पार्क में पशु प्रवेश कर जाते हैं।




## नदिया पार वाले साहब की पारी को हुआ एक साल पूरा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने हुए दो साल पूरा हो चुका है। तो वहीं नदिया पार जोन की कमान संभालते हुए वहां के आईपीएस अधिकारी को भी एक साल पूरा हो गया है। बीते एक साल के दौरान नदिया पार में कई बड़े-बड़े खुलासे और कांड हुए हैं। तो कई ऐसे मामले भी रहे जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की छवि यूपी में अलग प्रदर्शित हुई है। बीते दिनों का सबसे बड़ा मामला रहा है जब नदिया पार वाले साहब ने बॉर्डर पर अपनी टीम के साथ राहुल गांधी और उनकी टीम को रोका। तो वहीं फर्जी आईपीएस अधिकारी से लेकर करोड़ों रुपए की एक नाम से जमीन हड़पने वाले आरोपी का खुलासा भी प्रदेश की सुर्खियों में शामिल रहा है। नदिया पार के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुक्का बार और डांस क्लब पर कार्रवाई भी बीते एक साल के दौरान जमकर हुई है। तो वहीं नदिया पार के डीसीपी को मजबूती प्रदान करने के लिए उनके तीन खास एसीपी भी महत्वपूर्ण रहे हैं। नदिया पार के सबसे महत्वपूर्ण सर्किल के एसीपी साहब ने अधिकारियों को जो बल प्रदान किया है वह किसी से छुपा नहीं है।



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नदिया पार वाले साहब को एक साल पहले हॉट सीट दी गई थी। हॉट सीट भी उनको उसी दिन प्रदान की गई, जिस दिन उनके दिन में बैच लगे और शाम को उन्हें गिफ्ट के रूप में नदिया पार का प्रभार मिला था। कुल मिलाकर मधुर स्वभाव, सरल और सहज नजर आने वाले आईपीएस अधिकारी ने बेहतर ढंग से एक साल का सफर पूरा किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष से लेकर कई बड़े नेताओं के कार्यक्रमों और उनके आयोजनों को करीब से देखने का काम किया है। यह एक इत्तेफाक है कि एक साल पूरे होने पर आज पुन: वह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में इलाके से लेकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की व्यवस्थाओं को संभालने का काम करेंगे। सुरक्षा से लेकर अन्य व्यवस्थाओं उनके ही ऑब्जर्वेशन में पूरी की जा रही हैं। इस कमिश्नरेट में अपनी शुरुआती पोस्टिंग पाने के बाद गाजियाबाद जैसे महत्वपूर्ण जिले में बतौर डीसीपी एक साल की पारी खेलने भी कम काबिलियत की बात नहीं है। तो वहीं बिना किसी बड़े विवाद और संकट के उन्होंने एक साल का अपना सफर शानदार ढंग से पूरा किया है। नदिया पार के कई बेहद पेचीदा और हाई प्रोफाइल मामलों को सुलझाने में भी उनका योगदान किसी से छुपा नहीं है। कुल मिलाकर कहा जाए तो नदिया पार वाले साहब की जो एक साल वाली परी हुई है, वह टीआरपी से लेकर वर्किंग स्टाइल के मामले में टॉप रही है।

# रिश्वत के आरोपी, हेड कांस्टेबल को जेल भेजा




**लोनी, करंट क्राइम।** एसीपी अंकुर विहार कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों पर रिश्वत के मामले में निलंबन के बाद गिरफ्तार किए गए हेड कांस्टेबल विपिन कुमार को जेल भेज दिया गया है। जबकि दूसरे आरोपी दिनेश कुमार की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि एसीपी अंकुर विहार के कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल विपिन कुमार और दिनेश कुमार कुछ व्यक्तियों से कागजात पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। दोनों आरोपियों पर रिश्वत लेने का आरोप है इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए दोनों को निलंबित कर दिया था। जिसमें विपिन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि दिनेश कुमार की जांच की जा रही है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि वीडियो में दिनेश कुमार बैठा हुआ दिखाई दे रहा है, जांच के बाद ही उचित कार्यवाही की जाएगी।

## दो महिलाओं की भूमि पर जबरन कब्जे का प्रयास

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी थाने की अशोक विहार कॉलोनी में दो महिलाओं की भूमि पर कुछ भूमाफिया फर्जी कागजात बनाकर जबरन कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। महिला के बेटे ने आला पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत दी है। एसीपी लोनी मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने एक भू-माफिया को हिरासत मे लिया है।

## छेड़छाड़ के विरोध में महिला से मारपीट

**लोनी, करंट क्राइम।** छेड़छाड़ के विरोध में महिला के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने चार दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लोनी थाने की वर्धमान पुरम कॉलोनी निवासी एक महिला के साथ 31 दिसंबर को रात 8 :00 बजे पड़ोस में रहने वाले बंटी, मुकर्रम, मोजम एवं दो अज्ञात साथी उसके घर में घुस गए एवं जबरदस्ती उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। उसके विरोध करने पर उसे लात घुसों से मारा-पीटा एवं गंदी-गंदी गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी। शरीर पर काटने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवती ने पुलिस की नौकरी पाने के लिए किया फजीवाड़ा

## कागजों में स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित का फर्जी लेटर लगाया




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में हाफिजपुर क्षेत्र के गांव झंडा मुर्शिदपुर की एक युवती ने पुलिस की नौकरी पाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित का फर्जी प्रमाण पत्र लगाया। अभिलेखों की जांच में इसका खुलासा हुआ। पुलिस ने सिटी कोतवाली में युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस भर्ती प्रक्रिया में मामला आया सामने

उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती के तहत 21 नवंबर को लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ था। चयनित अभ्यर्थियों को 26 दिसंबर से पुलिस लाइन में दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक परीक्षण के लिए बुलाया गया। यह प्रक्रिया 24 दिनों तक चलेगी। शुरूआती दिनों में महिला अभ्यर्थियों का परीक्षण किया गया। इस दौरान अभिलेखों की जांच के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित का फर्जी प्रमाण पत्र लगाने का मामला सामने आया।

### जांच और कार्रवाई जारी

पुलिस ने बताया कि ग्राम झंडा मुर्शिदपुर की शिखा चौधरी ने भर्ती प्रक्रिया में फर्जी प्रमाण पत्र पेश किया। सिटी कोतवाली के इंस्पेक्टर मोहन सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है. और आरोपी अभ्यर्थी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# चोर को रंगे हाथ चोरी करते हुए धर दबोचा



**गाजियाबाद (करंट क्राइ)।** पॉश इलाके थाना कौशांबी के वैशाली सेक्टर 1 में पब्लिक ने शनिवार को एक चोर को रंगे हाथ चोरी करते हुए धर दबोचा। यह चोर कुछ दिनों से लगातार अपार्टमेंट में घुसता था और बुलेट की बैटरी चोरी करके फरार हो जाता था। पिछले कई दिनों में इसने कई घटनाओं को अंजाम दिया था। पब्लिक ने इसको पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। इससे चोरी करने के औजार बरामद हुए हैं। गाजियाबाद के थाना कौशांबी क्षेत्र के वैशाली सेक्टर 1 में रहने वाले पवन गुप्ता ने बताया कि इलाके के अपार्टमेंट में खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल में से लगातार बैटरी चोरी हो रही थी। इसको लेकर सभी निवासी बेहद परेशान थे और लगातार इसको लेकर निगरानी कर रहे थे। चोर सीसीटीवी में भी कैद हुआ था। शनिवार को यह चोर दोबारा से मकान नंबर 158 में चोरी करने घुसा और इस दौरान गार्ड ने इसको देख लिया। हालांकि वहां से इसने फरार होने की कोशिश की तो मेन गेट पर तैनात गार्ड ने अन्य लोगों के साथ इसे पकड़ लिया।

# फ्लैट की रसोई में लगी आग

## फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने पाया काबू, कोई जनहानि नहीं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना नंदग्राम क्षेत्र के ए ब्लॉक में बने फ्लैट के फर्स्ट फ्लोर की रसोई में आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसकी जांच चल रही है। दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं तब जाकर आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि दौरान सभी को सकुशल उतार लिया गया। गाजियाबाद के दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन कोतवाली पर हर्षित नाम के कॉलर ने सूचना दी कि नंदग्राम में एक मकान में आग लग गई है।


इस सूचना पर फायर स्टेशन कोतवाली से चार फायर टैंकर टीम के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुए। नंदग्राम ए ब्लॉक पहुंचकर देखा गया कि मकान नंबर 262- 259 कबफर्स्ट फ्लोर की रसोई में आग लगी है। आग भीषण थी और दूसरे फ्लैट तक भी पहुंच रही थी। दमकल कर्मियों ने फायर यूनिट के हौज पाइप को फैलाया और आग पर काबू पाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस दौरान सभी लोग उतर गए थे। आग लगने का कारण क्या था इसकी जांच की जा रही है।

# 2024 में रूस की कैद से 1358 यूक्रेनियन घर लौटे

# तनाव के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का बयान

**कीव ।** रूस यूक्रेन के बीच 1000 से ज्यादा दिनों से चल रहे युद्ध में आय दिन कोई ना कोई बड़ी खबर सामने आती रहती है। इसी बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की का बड़ा बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया कि साल 2024 में हम अपने 1,358 लोगों को रूसी कैद से यूक्रेन वापस लाने में कामयाब रहे, जिसमें यूक्रेनी नागरिक और यूक्रेनी सैनिक शामिल है।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर किए पोस्ट में कहा कि, रूस की कैद में बंद लोगों की परिस्थितियां अलग-अलग हैं, लेकिन वे सभी घर लौटकर उतने ही खुश हैं। साथ ही उन्होंने यूक्रेनी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन लोगों की घर वापसी के लिए एक बड़ी टीम ने काम किया।



बता दें कि फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन में रूस के आक्रमण के बाद बढ़ा में हजारों नागरिक मारे गए हैं। मास्को ने नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार किया है, जबकि हवाई हमलों के सबूत मिल चुके हैं। इस संघर्ष में यूक्रेन ने पश्चिमी देशों से मदद प्राप्त की है और अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाया है।

### 2025 में अच्छी खबर के लिए करेंगे प्रयास-जेलेंस्की

जेलेंस्की ने यह भी कहा कि हमें 2025 में और भी अच्छी खबरें लाने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए, खासकर रूस के साथ संघर्ष को खत्म करने के लिए। इसके साथ ही जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन के सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी मदद के कारण ही यह सफलता मिल सकी

### संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया आकड़ा

संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि इस संघर्ष के दौरान 39,000 से ज्यादा नागरिक मारे गए या घायल हुए हैं, 3,400 से ज्यादा स्कूल और अस्पताल नष्ट हो चुके हैं, और 10 मिलियन से ज्यादा लोग अपने घरों से भाग गए हैं। इसके अलावा, 2024 से अब तक यूक्रेन के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है, 2,000 से ज्यादा स्वास्थ्य केंद्रों पर हमले हुए हैं, और 2 मिलियन घरों को नुकसान पहुंचा है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र ने यह भी कहा कि यूक्रेन की ऊर्जा उत्पादन क्षमता का 65 प्रतिशत हिस्सा नष्ट हो चुका है।

# इथियोपिया में भूकंप के झटकों से कांपी धरती रिएक्टर स्केल पर 5.5 रही तीव्रता

**अदीसअबाबा ।** इथियोपिया में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.5 रही। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इस बारे में जानकारी दी। ईएमएससी ने बताया कि भूकंप का केंद्र अदीस अबाबा में पृथ्वी की सतह से 10 किमी (6.21 मील) की गहराई पर था। इससे एक दिन पहले, चिली में कैलामा के पास एंटोफगास्टा क्षेत्र में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया था।,




इससे पहले दिन में, अनादोलु अजांसी ने इथियोपिया के केंद्रीय माउंट डोफन में ज्वालामुखी विस्फोट की सूचना दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस क्षेत्र में हाल में लगातार छोटे-छोटे झटके महसूस किए गए हैं, जिससे संभावित बड़े खतरे की चिंता बढ़ गई है। यह चिंता विशेष रूप से अवाश फेंटाले क्षेत्र में है, जो अदीस अबाबा से लगभग 230 किलोमीटर (142 मील) दूर है। हाल के हफ्तों में एक दर्जन से अधिक छोटे भूकंप आए हाल के हफ्तों में, इस क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक छोटे भूकंप आए हैं, जिससे निवासियों में डर बढ़ गया है।

### भूकंप के झटके अभी भी जारी: अब्दु अली

क्षेत्रीय प्रशासक अब्दु अली ने बताया कि अधिकारी हताहतों की संख्या को कम करने के लिए जोखिम वाले निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूकंप के झटके अभी भी जारी हैं और अधिक शक्तिशाली होते जा रहे हैं, जिसमें सबसे हालिया झटके रात में अदीस अबाबा में महसूस किए गए।

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकराना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है,।

# अमेरिकी संसद में बढ़ी भारतवंशियों की धाक

## भारतीय मूल के छह सांसदों ने ली अमेरिकी सदन की शपथ

**वॉशिंगटन ।** भारतीय अमेरिकियों के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। दरअसल, छह भारतवंशी नेताओं ने अमेरिकी संसद के सदस्य के रूप में शपथ ली। यह पहला मौका है, जब अमेरिकी संसद के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव यानी निचली सदन में एक साथ छह भारतीय-अमेरिकियों ने शपथ ग्रहण की।

### इन लोगों ने मारी बाजी

उन्होंने सदन में सातवीं बार शपथ लेने पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'जब मैंने पहली बार 12 साल पहले शपथ ली थी तो मैं अकेला भारतीय अमेरिकी सांसद था। अगर अमेरिका की इतिहास की बात करूं तो तीसरा सांसद था।

आज मैं एक बार फिर शपथ ले रहा हूं। अब हमारा छह लोगों का मजबूत समूह है। मुझे खुशी है कि आने वाले वर्षों में और भारतीय अमेरिकी सांसद होंगे !'



**सुहास सुब्रमण्यम, अमी बेरा, राजा कृष्णामूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार अमेरिकी सदन में पहुंचे हैं। डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के सातवें संसदीय जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे सीनियर भारतीय अमेरिकी सांसद हैं**

भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया से चुनाव जीता है। वह अमेरिका के पूर्वी तट पर बसे राज्यों से अमेरिकी संसद में पहुंचने वाले पहले भारतवंशी हैं। वर्जीनिया के 10वें संसदीय जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले सुब्रमण्यम प्रतिनिधि सभा के सदस्य बनने वाले सबसे नए भारतीय अमेरिकी हैं। उन्होंने अपने परिवार और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, 'काम का पहला दिन ! शपथ लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और वर्जीनिया के लिए काम करने और उसके नतीजे देने के लिए तैयार हूं।

# गाजा में जंग थमने की जगी उम्मीदें हमास का बड़ा बयान

**गाजा ।** गाजा पट्टी में पूर्ण युद्धविराम हासिल करने के मकसद से कतर की राजधानी दोहा में इजरायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता फिर से शुरू हो गई है। फिलिस्तीनी ग्रुप ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि की है। हमास ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा, आज कतर की राजधानी दोहा में अप्रत्यक्ष वार्ता फिर से शुरू हो रही है। हम एक ऐसे समझौते की दिशा में काम करना जारी रखेंगे जो हमारे लोगों की आकांक्षाओं और लक्ष्यों को पूरा करेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया कि वार्ता के नवीनतम दौर में व्यापक और स्थायी युद्धविराम हासिल करने, गाजा से इजरायली सेना की वापसी और विस्थापित फिलिस्तीनियों की उनके घरों में सुरक्षित और जल्द वापसी पर हमारा ध्यान केंद्रित रहेगा। इससे पहले इजरायल ने गुरुवार को कहा कि उसने युद्धविराम वार्ता के लिए दोहा में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में पुष्टि की थी कि ₹मोसाद, शिन बेट और आईडीएफ (इजरायल रक्षा बल) के पेशेवर अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल वार्ता जारी रखने के लिए दोहा की यात्रा करेगा।



इस सप्ताह की शुरूआत में, इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने दावा किया था कि हमास ने एक हफ्ते के युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है। फिलिस्तीनी ग्रुप का कहना है कि इस दौरान वह गाजा में मौजूद बंधकों के ठिकानों का पता लगाएगा ।

# हमलावर के घर से मिला विस्फोटक बनाने का सामान, छह हफ्तों से हमले की योजना बना रहा था जब्बार

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के न्यू ऑर्लियंस में हमले का आरोपी शम्सुद्दीन जब्बार बीते छह हफ्ते से हमले की योजना बना रहा था। जांच में पता चला है कि आरोपी ने हमले में जिस वाहन का इस्तेमाल किया, वो उसने छह हफ्ते पहले ही बुक कर लिया था। साथ ही जांच अधिकारियों को आरोपी के घर से बम बनाने का सामान भी बरामद हुआ है। इससे समर्थन किया गया था। जांच में साफ हो गया है कि जब्बार ने अकेले ही यह हमला किया और वह हमले के लिए आतंकी संगठन आईएसआईएस से प्रेरित था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शम्सुद्दीन जब्बार हमले से कुछ देर पहले ही न्यू ऑर्लियंस की सड़कों पर घूमते देखा गया था। कई सीसीटीवी कैमरों में उसकी तस्वीर कैद हुई है। एफबीआई का कहना है



साफ है कि जब्बार ने हमला अचानक नहीं बल्कि पूरी रणनीति के साथ किया।

### घटनास्थल से विस्फोटक हुए थे बरामद

जब्बार अमेरिका के ह्यूस्टन का निवासी था और उसके घर की तलाशी में कई खतरनाक सामग्री मिली है। जिनमें विस्फोटक बनाने का सामान भी शामिल है। जांच अधिकारियों ने ये भी बताया कि जब्बार ने हमले से कुछ घंटे पहले ही टेक्सास के विडोर में एक कूलर खरीदा था और लुइसियाना के सल्फर से एक स्टोर से गन ऑयल खरीदा था। अधिकारियों को न्यू ऑर्लियंस में जिस जगह हमला हुआ, वहां आईईडी विस्फोटक भी मिले, जिन्हें कूलर में छोड़ा गया था। इससे साफ है कि हमलावर बड़े पैमाने पर नुकसान करने का इरादा रखता था। हमले से पहले घटनास्थल का पूरा जायजा लिया था हमलावर ने हमले से पहले जब्बार ने सोशल मीडिया पर कई भड़काऊ वीडियो भी पोस्ट किए, जिसमें आईएसआईएस का कि जब्बार ने पहले घटनास्थल पर विस्फोटक लगे कूलर रखे और फिर कपड़े बदलकर हमला किया। हालांकि कूलर में लगे विस्फोटक क्यों नहीं फटे ये अभी तक साफ नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि या तो जब्बार विस्फोट कर ही नहीं पाया या फिर विस्फोटक किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से इनमें विस्फोट नहीं हो पाया।

### कौन था शम्सुद्दीन जब्बार

जब्बार ने जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंफोर्मेशन सिस्टम में स्नातक डिग्री हासिल की थी। उसने बतौर आईटी विशेषज्ञ अमेरिकी सेना में भी कई साल काम किया और वह अफगानिस्तान में भी तैनात रहा। अमेरिकी सेना से रिटायरमेंट के बाद जब्बार ने अकाउंटेंसी कंपनी डेलॉयट में भी काम किया। जब्बार ने तीन बार शादी की थी और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पहली शादी 2012 में खत्म हो गई थी और दूसरी 2013 से 2016 तक रही।

# अमेरिका के एनएसए दो दिन के दौरे पर आएंगे भारत

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन की रविवार से शुरू हो रही दो दिवसीय नई दिल्ली यात्रा दोनों देशों की साझेदारी के लिए खासी अहमियत रखती है। इस दौरान भारत-अमेरिका के बीच 'महत्वपूर्ण और उभरती टेक्नोलॉजी पर पहल (आईसीईटी)' सहित कई रणनीतिक, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ 'एक महत्वपूर्ण बैठक' के लिए सुलिवन की यात्रा की पुष्टि की।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा, यह सुलिवन की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अंतिम यात्रा होगी। वह बहुत उत्साहित हैं और इस महत्वपूर्ण समय में इन बातचीतों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।



**यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के 20 जनवरी को पद छोड़ने और डोनाल्ड ट्रंप के 47वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने से पहले हो रही है**

किर्बी ने वाशिंगटन में कहा, यात्रा के दौरान, सुलिवन विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य भारतीय नेताओं से मिलेंगे। वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली का भी दौरा करेंगे, जहां वह युवा भारतीय उद्यमियों से मिलेंगे और भाषण देंगे।

अधिकारी ने कहा, 'सुलिवन के भाषण में उन महत्वपूर्ण कदमों का जिक्र होगा जो अमेरिका और भारत ने 'महत्वपूर्ण और उभरती टेक्नोलॉजी पर अमेरिका-भारत पहल (आईसीईटी)' के तहत हमारे इनोवेशन गठबंधन को मजबूत करने के लिए उठाए हैं।'

आईसीईटी को मई 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने लॉन्च किया था।

दोनों एनएसए का मानना है कि आईसीईटी भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा।

जून 2024 में, सुलिवन के साथ एक आईसीईटी राउंडटेबल को संबोधित करते हुए, एनएसए डोभाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत और अमेरिका को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सबसे आगे रहना चाहिए - विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेमीकंडक्टर, बायो-टेक और अन्य उभरते क्षेत्रों में।

डोभाल ने कहा, आईसीईटी ने हमारी कल्पना से कहीं अधिक हासिल किया है। उन्होंने डिफेंस इनोवेशन रोडमैप और स्टार्टअप में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला और बढ़ते सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के महत्व पर जोर दिया।

वहीं सुलिवन ने पिछले साल उद्योग जगत के नेताओं से कहा, आईसीईटी का मूल विचार भारत और अमेरिका के एक-दूसरे का समर्थन करने और टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने।

# सीरिया की कमान नहीं संभाल पा रही विद्रोही सरकार

## राष्ट्रीय संवाद सम्मेलन में देरी होने पर उठ रहे सवाल

**नई दिल्ली ।** सीरिया में बशर अल असद को हटाने के बाद स्थापित नए नेतृत्व ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि ऐतिहासिक राष्ट्रीय संवाद सम्मेलन कब आयोजित किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट में कई सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। ऐसा लग रहा है कि विद्रोही नेताओं को बातचीत करने में काफी संघर्ष करना पड़ रहा है।

हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व वाले विद्रोहियों ने सम्मेलन आयोजित करने का वादा किया था। मगर, इसके लगातार टलने से विपक्षी समूहों और अन्य पक्षों के बीच चिंता पैदा हो गई है।

### अभी तक नहीं भेजे गए निमंत्रण

एक न्यूज एजेंसी से बात करने वाले सूत्रों में सीरिया के सूचना मंत्रालय के दो अधिकारी, सीरिया के नए शासक प्रशासन के एक सदस्य और दो राजनयिक शामिल हैं। सम्मेलन की जानकारी रखने वाले इन अधिकारियों का कहना है कि सम्मेलन के लिए आधिकारिक निमंत्रण अभी तक नहीं भेजे गए ह...



हालांकि कुछ व्यक्तियों से अनौपचारिक रूप से संपर्क किया गया है।

इस सम्मेलन का मकसद सीरिया के विभिन्न धर्मों, जातीयताओं, भौगोलिक क्षेत्रों और राजनीतिक धाराओं के प्रतिनिधियों को एकत्र करने का है ताकि असद परिवार की 50 वर्षों से अधिक पुरानी शासन व्यवस्था के बाद देश के लिए एक नया भविष्य तैयार किया जा सके। हालांकि, कुछ सीरियाई मीडिया संगठनों ने पहले जानकारी दी थी कि सम्मेलन चार-पांच जनवरी को होगा, जिसमें सीरिया के लगभग 1,200 प्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा।

अब सवाल उठता है कि आखिर संवाद सम्मेलन इतना जरूरी क्यों हैं। बता दें, इसका उद्देश्य सीरिया के राजनीतिक बदलावों पर चर्चा करना है, जो 13 सालों तक चले गृह युद्ध के बाद हो रहे हैं। इसमें मौजूदा संसद को निलंबित करने, नया संविधान बनाने और चुनावों की तैयारी जैसे मुद्दों पर बात हो सकती है। हालांकि, अब तक इस सम्मेलन के लिए आधिकारिक निमंत्रण नहीं भेजे गए हैं, लेकिन कुछ लोगों से अनौपचारिक रूप से संपर्क किया गया है।

आठ दिसंबर के विद्रोह के बाद, हयात तहरीर अल-शाम ने सत्ता संभाली और एक मार्च तक जरूरी सेवाओं के प्रबंधन के लिए एक देखरेख सरकार बनाई। लेकिन यह समूह, जो पहले एक विद्रोही संगठन था और अब देश का प्रभावी शासक है, अपने सैन्य लक्ष्यों और शासन की जिम्मेदारियों को संतुलित करने में मुश्किलों का सामना कर रहा है।

विपक्षी सदस्य इस नए प्रशासन की समावेशी राजनीतिक प्रक्रिया के प्रति निष्ठा पर सवाल उठा रहे हैं। बासम अल-कुवातली, जो सीरियाई लिबरल पार्टी के अध्यक्ष हैं।

# रिपब्लिकन माइक जॉनसन फिर चुने गए अमेरिकी सदन के अध्यक्ष

**वाशिंगटन ।** लुइसियाना के सांसद माइक जॉनसन फिर से अमेरिकी सदन के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। जॉनसन ने 218 वोटों के साथ चैंबर में शीर्ष स्थान हासिल किया और फिर से स्पीकर चुने गए। जॉनसन ने जीत के बाद अपने बयान में कहा, चार साल से मुद्रास्फीति का दौर देखने के बाद हमारे पास एक बड़ा एजेंडा है। हमें बहुत कुछ करना है। हम इसे दो तरीके से कर सकते हैं और उच्च मुद्रास्फीति से लड़ सकते हैं। हम अमेरिकियों को राहत देंगे और ट्रंप टैक्स कट्स को बढ़ाएंगे। एकतरफा व्यापार सौदों से उद्योगों की रक्षा करेंगे और विदेशी निवेश वापस अमेरिका में बढ़ाएंगे। 113वीं कांग्रेस ने शुक्रवार को शपथ ली। दोनों चैंबर के प्रभारी रिपब्लिकन हैं। जॉनसन अमेरिकी सदन का नेतृत्व करेंगे और जॉन थून अमेरिकी सीनेट का नेतृत्व करेंगे।



# जापान : दुनिया की सबसे बुजुर्ग शख्स टोमिको इटूका का निधन, 1908 में हुआ था जन्म

**टोक्यो ।** दुनिया की सबसे बुजुर्ग शख्स के रूप में पहचानी जाने वाली 116 वर्षीय टोमिको इटूका का निधन हो गया है। उनका जन्म 23 मई, 1908 को ओसाका में हुआ था।

ह्योगो प्रान्त की नगर सरकार ने बताया कि इटूका का इस हफ्ते की शुरूआत में पश्चिमी जापान के आशिया शहर के एक नर्सिंग होम में निधन हो गया, जहां वह रहती थीं। क्योडो न्यूज ने यह जानकारी दी।

शनिवार को जापानी दैनिक 'द मेनिची' की रिपोर्ट के अनुसार, जिस शहर में वह रहती थीं, वहां के विशेष नर्सिंग होम में वह अपने पसंदीदा लैक्टिक एसिड ड्रिंक का आनंद लेती थीं और अक्सर कर्मचारियों को धन्यवाद कहती थीं।

आशिया के मेयर रयोसुके ताकाशिमा ने कहा, अपने लंबे जीवन के माध्यम से, उन्होंने हमें बहुत साहस और आशा दी। मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।



दिसंबर 2023 में ओसाका प्रान्त के काशीवारा में 116 वर्षीय फुसा तात्सुमी की मृत्यु के बाद इटूका जापान में सबसे बुजुर्ग जीवित शख्स बनी थी।

फुसा तात्सुमी का जन्म 25 अप्रैल, 1907 को हुआ था और उन्होंने अपने अंतिम दिन काशीवारा के एक नर्सिंग होम में बिस्तर पर बिताए थे। फुकुओका में 119 वर्षीय महिला की मृत्यु के बाद अप्रैल 2022 में तात्सुमी जापान में सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति बन गई थीं।

सितंबर 2024 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा इटूका को दुनिया के सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति के रूप में मान्यता दी गई। उन्हें स्पेन के कैटेलोनिया के ओलोट की 117 वर्षीय मारिया ब्रान्यास मोरेरा की मृत्यु के बाद। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार मोरेरा का जन्म 4 मार्च, 1907 को हुआ था।

जापान में औसत जीवन अवधि 2020 में महिलाओं के लिए 87.71 वर्ष और पुरुषों के लिए 81.56 वर्ष थी। कोरोनावायरस से बढ़ती मौतों के कारण 2021 और 2022 में औसत जीवन अवधि में कमी आई है।

# अस्थायी रैन बसेरों में हीटर की संख्या बढ़ाएं अधिकारी : नगर आयुक्त

## रात्रि में विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अस्थायी रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा प्रतिदिन प्रातः काल के साथ-साथ रात्रि कालीन निरीक्षण भी किया जा रहा है।

रात्रि निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा अस्थायी रैन बसेरे का जायजा लिया गया, साथ ही जरूरतमंदों को नगर आयुक्त द्वारा मौके पर कंबल वितरण भी किए गए। ठंड के बढ़ते कदम देखते हुए भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा अस्थायी रेन बसेरा में हीटर की संख्या बढ़ाने के लिए प्रभारी नजारत डॉक्टर अनुज को निर्देशित किया गया। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी व अन्य टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्थायी रेन बसेरों के अलावा आवश्यकता को देखते हुए अस्थायी आश्रय स्थल भी बनाए गए हैं जिनकी संख्या पहले 6 थी, जो कौशांबी बस अड्डा, पैसिफिक मॉल कौशांबी, रोडवेज बस अड्डा मोहन नगर, रेलवे स्टेशन साहिबाबाद, डबल टंकी मिजार्पुर, हापुर रोड, फ्लाईओवर के नीचे स्थापित हैं। बढ़ती ठंड को देखते हुए 01 अस्थायी रैन बसेरा रेलवे स्टेशन गाजियाबाद पर भी बनाया गया है। वर्तमान में 7 अस्थायी रैन बसेरे बने हुए हैं। सभी रैन बसेरों में हीटर की व्यवस्था है, बाहर अलाव की व्यवस्था भी प्रतिदिन कराई जा रही है, जिसका लाभ निराश्रितों को मिल रहा है।

### जरूरतमंदों को किए गए कंबल वितरण

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में रेलवे स्टेशन गाजियाबाद तथा रोडवेज बस अड्डा मोहन नगर के बाहर बने अस्थायी रैन बसेरे का जायजा लिया गया। ठंड को देखते हुए हीटर की संख्या एक से बढ़ाकर दो करने के लिए भी निर्देशित किया गया। सभी अस्थायी रैन बसेरे के बाहर, सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड भी है तथा पानी आपूर्ति हेतु पानी के टैंकर, मोबाइल टॉयलेट भी लगाए गए हैं। भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशन गाजियाबाद बस अड्डा गाजियाबाद व अन्य सार्वजनिक स्थलों का जायजा रात्रि में नगर आयुक्त द्वारा लिया गया, जरूरतमंदों को मौके पर कंबल भी वितरित किए गए।



### मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। अरुण शर्मा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नव वर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी और उनका आशीर्वाद लिया।

### शिष्टाचार भेंट



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित आवास पर पूर्व पार्षद तेजपाल राणा ने शिष्टाचार भेंट कर नव वर्ष की बधाई दी और उनसे आशीर्वाद लिया।

# अधिवक्ता संगठन लखनऊ की 5वीं वार्षिक सभा का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद टैक्सेशन बार पंजीकृत द्वारा शनिवार को गाजियाबाद स्थित डासना रेड वेलवेट होटल में उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन पंजीकृत लखनऊ की पांचवीं वार्षिक सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गिरीश अहूजा को इनकम टैक्स पर ज्ञानवर्धन के रूप में बुलाया गया जिन्होंने बहुत ही खूबसूरती से कैपिटल गेन के विषय में सभी अधिवक्ताओं का ज्ञानवर्धन किया। इसके उपरांत एडवोकेट सुशील कुमार वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट के द्वारा सभी को यह बताया गया कि आज के युग में अधिवक्ताओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्या प्रयोग है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट हर्ष शर्मा, अध्यक्ष एडवोकेट विक्रमजीत सिंह भदोरिया, महामंत्री एडवोकेट प्रेम सुंदर उपाध्याय सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य तथा गाजियाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड के अध्यक्ष एडवोकेट विनीत त्यागी एवं महामंत्री एडवोकेट मधुकर गुप्ता एडवोकेट वीपी नगर एडवोकेट बिल बत्रा, एडवोकेट नितिन गुप्ता, एडवोकेट मदन त्यागी, एडवोकेट अमन कुमार अग्रवाल, एडवोकेट अनिमेष मित्तल, एडवोकेट प्रिंस वाधवा, एडवोकेट शिवम गर्ग, एडवोकेट मनोज शर्मा, एडवोकेट उदित गर्ग, एडवोकेट अजय राजवंशी, एडवोकेट आरके भाटी, एडवोकेट धीरज सेठी, एडवोकेट उपेंद्र दत्त शर्मा, एडवोकेट लव कुश सिसोदिया, एडवोकेट शिव कुमार गुप्ता, एडवोकेट अपर्णा पांडे, एडवोकेट मुकुल गुप्ता, एडवोकेट संजय त्यागी, एडवोकेट अमित शर्मा, वसीम अहमद, एडवोकेट दीपक त्यागी एवं विभिन्न जिलों से आए हुए अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# राज नगर आरडब्ल्यूए का शरद महोत्सव धूमधाम से आयोजित












**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर आरडब्ल्यूए द्वारा आई एमए भवन में शरद महोत्सव 2025 आयोजित किया गया। अध्यक्ष डीके गोयल तथा उनकी पूरी टीम ने सभी अतिथियों का सम्मान स्वागत किया। इस कार्यक्रम में राजनीति प्रशासनिक और व्यापार जगत तथा मीडिया की सम्मानित हस्तियां शामिल हुई।

# व्यापारी हित के लिए उद्योग व्यापार मंडल ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को ज्ञापन सौंपा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के वहां पर पूरे प्रदेश में व्यापारियों के हितों को लेकर चार और पांच तारीख को ज्ञापन दिए जाएंगे। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को गाजियाबाद के व्यापारियों ने ज्ञापन दिया है जिसमें व्यापारियों के हित को देखते हुए अपनी मांगें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन द्वारा भेजने का कार्य किया गया है। इस मौके पर मेरठ मंडल अध्यक्ष अनिल सांवरिया, जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल, महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरुण कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील चाचा, अमित कुमार, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के०एन० डंगवाल, जिला उपाध्यक्ष पवन त्रिपाठी, जिला संयुक्त महामंत्री भगत सिंह मनराल, विधानसभा अध्यक्ष संदीप बठला, जिला कोषाध्यक्ष श्याम किशोर शुक्ला, उपस्थित रहे।

# एनएच- 24 पर ट्रैफिक दरोगा की सड़क हादसे में मौत

## ड्यूटी कर रात में दिल्ली घर जा रहे थे, तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एनएच- 24 पर ट्रैफिक दरोगा की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह गाजियाबाद पुलिस में ट्रैफिक में दरोगा थे। जिनकी ड्यूटी मुरादनगर में थी। जिस जगह हादसा हुआ है वह दिल्ली की सीमा है। दरोगा की मौत का पता चलते ही परिवार में मातम पसर गया। हादसे की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। पुलिस द्वारा बताया गया कि पीली नंबर प्लेट की एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मारी। पुलिस सीसी टीवी से गाड़ी की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वह पूर्व में अधिकारियों के गनर भी रह चुके हैं।

### गाजियाबाद से दिल्ली जाते समय हुआ हादसा

पुलिस ने बताया कि प्रदीप कुमार (47 साल) पुत्र राम लखन दिल्लीके त्रिलोकपुरी में परिवार के साथ रह रहे थे। प्रदीप कुमार



यूपी पुलिस के एसआई थे। शुक्रवार को उनकी मुरादनगर में ड्यूटी थी, इससे पहले वह हापुड़ चुंगी पर तैनात थे।

वह आईएसबीटी की और से जाते समय जैसे ही एनएच 24 पर टेल्को टी प्वाइंट पर पहुंचे तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। मौके पर पीली नंबर प्लेट टूटी हुई मिली है। पुलिस मान रही है कि कार की टक्कर से यह हादसा हुआ है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल लेकर पहुंची।

### 1998 में हुए थे भर्ती

गाजियाबाद पुलिस में प्रदीप कुमार एक मिलनसार छवि के थे। उनके साथ के पुलिसकर्मियों ने बताया कि ड्यूटी खत्म होने के बाद भी वह बिना चाय के अपने साथियों को नहीं जाने देते थे। कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल के साथ भी उनका अच्छा व्यवहार रहता था। गुरुवार को भी प्रदीप कुमार ने साथियों के साथ ड्यूटी खत्म होने के बाद चाय पी थी। प्रदीप कुमार 1998 में यूपी पुलिस में कांस्टेबल भर्ती हुए। जिसके बाद वह प्रमोशन पाकर दरोगा बने।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक पिता के लिए सबसे सफल वो पल होता है जब वो अपने बेटे को सफल होते देखते हैं। भाजपा नेता अशोक संत ने भी अपनी इसी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनके सुपुत्र सूर्या प्रताप सिंह अब एडवोकेट सूर्या प्रताप सिंह हो गए हैं। दिल्ली बार एसोसिएशन ने उनको नॉमिनेट किया और दिल्ली तीस हजारी कोर्ट में सीनियर्स ने बैंड सेरेमनी के साथ अपना आशीर्वाद दिया। एक पिता ने अपने बेटे की कामयाबी को अपने सभी मित्रों शुभचिंतकों समर्थकों के साथ साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।